✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 17 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 13 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




विधान पार्षद पुनः चुने जाने के बाद परिजनों के साथ मां अंबिका भवानी की पूजा करते डॉ. संजय मयूख






## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र यादव को फोन पर मिली धमकी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकीदी है। इसके दौरान उसने अपशब्द का भी प्रयोग किया है। इस घटना के संबंध में उपमुख्यमंत्री के आप्त सचिव की शिकायत पर पटना के साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चार महिला आइपीएस अफसरों का बढ़ा कद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने राज्य की चार महिला आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रमोशन पाने वाली सभी अधिकारी वर्ष 2022 बैच की हैं। इन्हें वरीय समय वेतनमान में पदोन्नत किया गया है। इसके तहत अब उन्हें वेतन स्तर-11 का लाभ मिलेगा। गृह विभाग की ओर से जारी सूची में चार महिला अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इनमें शैलजा, दिव्यांजली जायसवाल, गरिमा और साक्षी कुमारी को प्रमोशन दिया गया है।

### बिप्रसे के 16 अधिकारियों को आइएएस में मिली प्रोन्नति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत करने की मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद संबंधित अधिकारियों को 2025 बैच का आइएएस अधिकारी माना जाएगा। यह निर्णय राज्य के प्रशासनिक ढांचे को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। केंद्र सरकार और संघ लोक सेवा आयोग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन अधिकारियों के नामों को मंजूरी मिली। लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे अधिकारियों को इस फैसले से बड़ी राहत मिली है।

### दस लाख गरीब परिवारों के घरों पर लगेंगे सोलर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के गरीबों के घरों पर सोलर प्लेट लगाने की योजना 14 जून से शुरू होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इसकी शुरुआत करेंगे। इस साल राज्य के 10 लाख गरीब परिवारों के घर की छतों पर मुफ्त सोलर रूफटॉप लगेंगी। शुरुआत 2.50 लाख गरीब परिवारों की छतों पर सोलर लगाने से होगी। ढाई लाख परिवारों के घरों पर सोलर लगाने में 1512 करोड़ की राशि खर्च होगी।

# बिहार में पांच लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश का लक्ष्य : सम्राट चौधरी

## राजगीर-मुंगेर में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर, हर जिले में एयर कनेक्टिविटी की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के निजी होटल में शुक्रवार को मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश और बिहार में हुए विकास कार्यों की चर्चा की। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ बिहार के लिए भविष्य की योजनाओं का भी विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 12 वर्ष के कार्यकाल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि, 'लोकतांत्रिक व्यवस्था में इतने लंबे समय तक प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए देश का नेतृत्व करना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और अब देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ा जा रहा है।' मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि, 'बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।' सम्राट चौधरी ने



घोषणा किया कि राज्य सरकार ने 20 नवंबर को सरकार के एक वर्ष पूरे होने तक बिहार में 5 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। वर्तमान में देश में 33 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण हो रहा है और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति हुई है। उन्होंने घोषणा की कि बिहार में राजगीर और मुंगेर को डिफेंस कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे राज्य में रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के हर जिले को बेहतर हवाई संपर्क से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। हाल ही में एक महत्वपूर्ण फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत राजगीर और सासाराम-कैमूर क्षेत्र के बीच नई एयरस्ट्रिप का निर्माण कराया जाएगा। राज्य के सभी जिलों में आवश्यकता के अनुसार एयरपोर्ट, हेलीपैड और एयरस्ट्रिप विकसित करने की योजना है। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि जीएसटी लागू होने से पहले राज्यों की आबादी का आर्थिक महत्व उतना नहीं था, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। बिहार की लगभग 14 करोड़ आबादी राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। शराबबंदी लागू होने के बावजूद बिहार को जीएसटी व्यवस्था के तहत केंद्र (शेष पृष्ठ 11 पर)

# हादसे में तीन थानाध्यक्षों समेत चार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



साजन पासवान नीरज कुमार ज्ञानेंद्र अमरेंद्र

**बेगूसराय।** जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बखड्डा के पास नेशनल हाईवे 31 पर हादसा जिसमें तीन थाना प्रभारियों समेत चार लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक पुलिस अधिकारी पटना से एक दिवसीय सरकारी प्रशिक्षण पूरा कर वापस अपने जिले लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। टक्कर इतनी भयावह थी कि तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक अधिकारी की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। मृतकों में मधेपुरा के बेलारी थाना प्रभारी नीरज कुमार, मधेपुरा के ही अरार थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमर, और मधेपुरा के ही रतवारा थाना प्रभारी साजन पासवान शामिल थे। साजन की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। साजन कुमार कैमूर जिला के मोहनिया के रहने वाले हैं। नीरज कुमार गया जिले के डिहुरी के रहने वाले हैं, वहीं ज्ञानेंद्र अमरेन्द्र कटिहार जिले के मनिहारी के निवासी हैं, जबकि चालक ज्योति मधेपुरा जिले के अमरपट्टी का रहने वाला था। बताया जाता है कि मधेपुरा जिले के विभिन्न थानों में तैनात पुलिस अधिकारी पटना में आयोजित एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी एक सरकारी गाड़ी से वापस मधेपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान बखड्डा के पास उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जोरदार तरीके से जा टकराई। घटना के संबंध में बेगूसराय के एसपी मनीष कुमार ने बताया कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। शुरुआती जांच में दुर्घटना का कारण वाहन की तेज रफ्तार और अनियंत्रित (शेष पृष्ठ 11 पर)

# घूस लेते राजस्व कर्मी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने नवादा सदर अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मी सुजीत कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर अंचल क्षेत्र के निवासी शंकर पासवान ने अपनी जमीन के परिमार्जन (सुधार) संबंधी कार्य के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। आरोप है कि उक्त कार्य को पूरा करने के एवज में राजस्व कर्मी सुजीत कुमार ने उनसे 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। बार-बार पैसे की मांग से परेशान होकर शंकर पासवान ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की। शिकायत प्राप्त होने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर विभाग ने कार्रवाई की योजना बनाई। इसके बाद निगरानी की विशेष टीम ने जाल बिछाकर आरोपी राजस्व कर्मी को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे निगरानी डीएसपी नरेंद्र कुमार ने बताया कि शंकर पासवान की शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच की गई थी। जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित राजस्व कर्मी को 15 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# राज्य की सभी 13 परंपरागत विश्वविद्यालयों के लिए वेतन और पेंशन की राशि जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उच्च शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को राज्य के सभी 13 परंपरागत विश्वविद्यालयों के लिए 3 माह के वेतन, पेंशन और सेवांत लाभ की राशि 999.84 करोड़ रुपये जारी कर दिया। इस राशि से सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत, सेवानिवृत शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों के मार्च माह से लेकर मई 2026 तक का वेतन, पेंशन और सेवांत लाभ का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत राज्य के सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों, अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालयों तथा अल्पसंख्यक और घाटानुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन और सेवांत लाभ के भुगतान हेतु वेतनादि/गैरवेतनादि मद में भुगतान के लिए 999.84 करोड़ रूपये जारी किया गया है। इसमें पटना विश्वविद्यालय के लिए 67.08 करोड़, मगध विश्वविद्यालय के लिए 147.28 करोड़, बीआरए विश्वविद्यालय को 146.09 करोड़, जय प्रकाश विश्वविद्यालय को 72.96 करोड़, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को 68.14 करोड़, बीएन मंडल विश्वविद्यालय को 71.3 करोड़, तिलका मांझी विश्वविद्यालय को 93.29 करोड़, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को 144.09 करोड़, केएसडीएस विश्वविद्यालय को 32.59 करोड़, मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय को 2.08 करोड़, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को 101.34 करोड़, पूर्णियां विश्वविद्यालय को 33.31 करोड़ और मुंगेर विश्वविद्यालय को 20.29 करोड़ रुपये जारी किया गया है।

# मनरेगा से आसान होगा गांवों का विकास : श्रवण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम (मनरेगा) के तहत केन्द्रांश के रूप में 74,559.77 लाख (सात अरब पैंतालीस करोड़ उन्सठ लाख सतहत्तर हजार) एवं राज्यांश मद से 24,452.22 लाख (दो अरब चौवालीस करोड़ बावन लाख बाईस हजार) रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरीके से दोनों राशि को मिलाकर



कुल 99,011.99 लाख (नौ अरब नब्बे करोड़ ग्यारह लाख निन्यानवे हजार) रुपये का मदर सेंक्शन प्राप्त हुआ है। इस राशि से राज्य के सभी 38 जिलों में अलग-अलग विकास कार्यों को संपन्न कराया जाएगा। मंत्री श्री कुमार ने यह पूरी जानकारी शुक्रवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ टिकाऊ परिसम्पति का सृजन कर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है। योजना में प्रत्येक परिवार के इच्छुक वयस्क सदस्यों को काम मांगने पर एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन का अकुशल मजदूरी देने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत मजदूरी मद में राज्य के अकुशल श्रमिकों के लिए निधारित मजदूरी दर के अनुरूप व्यय राशि का शत-प्रतिशत और सामग्री मद में निर्धारित सीमा के अधीन 75 प्रतिशत राशि का वहन केन्द्र सरकार करती है जबकि 25 प्रतिशत राशि का वहन राज्य सरकार की ओर से किया जाता है। ग्रामीण विकास विभाग के माननीय मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक जी-31011/9/2026-आरइ-वी (396105) सीरियल नंबर 24 दिनांक 08.05.2026 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम अंतर्गत एसएनए स्पर्श के तहत मदर सेंक्शन के रूप में सामग्री मद में कुल 73,356.67 लाख (सात अरब तैंतीस करोड़ (शेष पृष्ठ 11 पर)




# भ्रष्टाचार और अनियमितता पर राजस्व मंत्री का प्रहार, 8 और अंचल अधिकारियों पर कार्रवाई

## पिछले एक महीने में 50 अधिकारियों पर गिरी गाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। विभागीय मामलों की समीक्षा के क्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को आठ अंचल अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई और विभागीय कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि विभाग में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबसे कड़ी कार्रवाई जहानाबाद के रतनीफरीदपुर के तत्कालीन अंचल निरीक्षक रहे संतु कुमार राम के विरुद्ध की गई है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के गंभीर आरोप में उनके पेंशन में शत-प्रतिशत स्थायी कटौती का दंड अधिरोपित किया गया है। वहीं, रोहतास के करगहर के तत्कालीन प्रभारी अंचल अधिकारी सुरजेश्वर श्रीवास्तव के विरुद्ध बिना सूचना एवं वैध कारण के लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में आरोप पत्र गठित किया गया है। मधेपुरा के मुरलीगंज के तत्कालीन अंचल अधिकारी जयप्रकाश स्वर्णकार पर स्थानांतरण के बाद भी बड़ी संख्या में दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने के आरोप में द्वितीय कारणपृच्छा अभ्यावेदन की मांग की गई है। भागलपुर के नारायणपुर के तत्कालीन अंचल अधिकारी अजय कुमार सरकार के विरुद्ध दाखिल-खारिज के एवज में पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में विभागीय कार्यवाही संचालित है। इसी प्रकार रोहतास के डिहरी की तत्कालीन अंचल अधिकारी सीमा रानी के खिलाफ सरकारी भूमि से जुड़े अभिलेखों में जालसाजी कर भूमि के बंदरबांट एवं दाखिल-खारिज से संबंधित गंभीर आरोपों में विभागीय कार्यवाही जारी है। नालंदा के एकंगरसराय के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी आमोद कुमार तथा बांका के बौंसी के तत्कालीन अंचल अधिकारी विजय कुमार गुप्ता पर एक ही दस्तावेज को पहले अस्वीकृत और बाद में स्वीकृत करने संबंधी अनियमितताओं के आरोप पाए गए। विजय कुमार गुप्ता के विरुद्ध पेंशन में दो वर्षों के लिए 10 प्रतिशत कटौती का दंड अधिरोपित किया गया है जबकि आमोद कुमार से द्वितीय कारणपृच्छा अभ्यावेदन मांगा गया है। इसके अतिरिक्त बांका के बेलहर के तत्कालीन अंचल अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद के विरुद्ध भी इसी प्रकार के मामलों में आरोप पत्र गठित किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितता के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अपने पद का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि पिछले एक महीने के दौरान राजस्व विभाग में कुल 50 अंचल अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभिन्न मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। इससे स्पष्ट है कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सरकार लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है।

## जसपाल राणा के निधन पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत के दिग्गज निशानेबाज जसपाल राणा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जसपाल राणा ने राष्ट्रमंडल खेलों में नौ स्वर्ण पदक जीते थे जिनमें लगातार चार संस्करणों में हासिल किए गए स्वर्ण पदक शामिल हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जसपाल राणा पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर के प्रशिक्षक भी रहे थे। उनके निधन से भारतीय खेल जगत, विशेषकर निशानेबाजी के क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में निशानेबाजी को लोकप्रिय खेल के रूप में स्थापित करने में जसपाल राणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खेल के प्रति उनका समर्पण और योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। जसपाल राणा को निशानेबाजी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए अर्जुन पुरस्कार और पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। डॉ. प्रेम कुमार ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

## स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि पर किसान आंदोलन का शंखनाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम, पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की संचालन समिति और स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम समिति द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में 26 जून को स्वामी सहजानंद सरस्वती की 77वीं पुण्यतिथि को ऐतिहासिक रूप से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं, किसान आंदोलन और स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रासंगिकता पर विशाल सेमिनार आयोजित होगा। बैठक में ग्रीन सैटेलाइट टाउन परियोजना के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन अधिग्रहित करने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि भूमि अधिग्रहण पर निर्धारित मुआवजा नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश है। धान अधिप्राप्ति योजना में अनियमितता, खाद और बीज की कालाबाजारी, डेयरी प्रबंधन में किसानों के शोषण तथा फसल बीमा की समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। किसानों ने प्रति लीटर दूध पर 10 रुपये सब्सिडी, सभी फसलों के लिए प्रीमियम-मुक्त खेसरा आधारित फसल बीमा, बटाईदार किसानों को भी बीमा लाभ तथा गन्ने का क्रय मूल्य कम से कम 600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की। चिंतन शिविर को अशोक प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार, रामायण सिंह, बृजेश राय, वशिष्ठ सिंह, पूर्व सांसद गिरिजा देवी, प्रो. सुधीर कुमार, अशोक कुमार सिंह, मुन्ना तिवारी, भोला यादव, अश्विनी चौबे, प्रदीप प्रियदर्शी, अमेरिका महतो, सत्येंद्र कुमार सिंह और शशि कुमार ने संबोधित किया। अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान नेता एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती के शिष्य बैजनाथ शर्मा ने की। बैठक की शुरुआत युवा किसान नेता ऋषभ राज तथा तीन अन्य युवाओं के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद दिनेश कुमार और अशोक प्रसाद सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना व्यक्त की।

# कृषि आधारित स्टार्टअप से खुलेगा समृद्ध बिहार का मार्ग

## युवाओं को मिलेगा रोजगार और रुकेगा पलायन : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कृषि आधारित स्टार्टअप, कृषि नवाचार एवं ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों तक नई तकनीकों की पहुंच सुनिश्चित करने, युवाओं एवं महिलाओं को कृषि उद्यमिता से जोड़ने तथा कृषि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की वास्तविक समृद्धि गांवों की समृद्धि से जुड़ी है। कृषि आधारित स्टार्टअप केवल तकनीकी नवाचार का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण पुनर्जागरण का सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि यदि कृषि, प्रसंस्करण, भंडारण, विपणन, ड्रोन तकनीक, स्मार्ट सिंचाई और एग्री-लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में युवाओं को अवसर उपलब्ध कराए जाएं तो लाखों युवाओं को अपने ही गांव और जिले में सम्मानजनक रोजगार मिल सकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि कृषि आधारित उद्यमों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर राज्य सरकार ऐसा वातावरण तैयार कर रही है जहां युवा 'नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले' बन सकें। इससे न केवल पलायन में कमी आएगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की बिहार सरकार 'सात निश्चय-3' के संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि क्षेत्र में नवाचार, कौशल विकास, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल सेवाओं का विस्तार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के माध्यम से सरकार विकसित एवं आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रयासरत

## बिहार पुलिस में चयनित युवाओं को सम्मानित कर मंत्री श्रवण कुमार ने बढ़ाया हौसला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/नालंदा।** नालंदा जिले के चंडी स्थित सनराइज सैनिक ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित 'बिहार पुलिस सम्मान समारोह' का उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं सूचना-जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने किया। समारोह में बिहार पुलिस और होमगार्ड में चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम उन प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया जिन्होंने वर्ष 2025 एवं 2026 के दौरान सनराइज सैनिक ट्रेनिंग सेंटर से शारीरिक तैयारी एवं अनुशासन का प्रशिक्षण प्राप्त कर बिहार पुलिस और होमगार्ड की भर्ती परीक्षाओं में सफलता हासिल की। संस्थान के अनुसार लगभग 100 अभ्यर्थी चयनित होकर वर्तमान में बिहार पुलिस और होमगार्ड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने सनराइज सैनिक ट्रेनिंग सेंटर के प्रबंध निदेशक एवं प्रशिक्षक प्रतेश रस्तोगी की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण ने अनेक युवाओं को सफलता की राह दिखाई है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में बिहार पुलिस में 21,391 कर्मियों की नियुक्ति की गई थी जिनमें 11,178 महिलाएं और 10,205 पुरुष शामिल थे। वहीं वर्ष 2026 में केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा 19,838 पदों का अंतिम परिणाम घोषित किया गया है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 31 हजार सिपाही, दरोगा और चालक पदों पर भर्ती की घोषणा की गई है जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने युवाओं से निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को साकार कर समाज और राज्य का नाम रोशन करें। साथ ही चयनित अभ्यर्थियों से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की।

# संपत्ति अर्जित करने में नियमों की अनदेखी अनुशासनिक कार्रवाई का होगा आधार : अपर मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत विभागीय जांच निदेशालय के मुख्य जांच आयुक्त सह महानिदेशक दीपक कुमार सिंह ने कहा कि आचार संहिता के अनुसार किसी भी सरकारी सेवक के खुद का संपत्ति अर्जित करने और उस संपत्ति का सरकार को प्रतिवेदन देने संबंधी नियमों की अनदेखी ही अनुशासनिक कार्रवाई का आधार होगा। श्री सिंह शुक्रवार को शास्त्रीनगर स्थित रेवेन्यू सर्वे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियमावली 2005 के अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण सत्र में योजना एवं विकास विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के संवर्गीय पदाधिकारी (बिप्रसे एवं बिससे के अतिरिक्त) मौजूद थे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने आय से अधिक संपत्ति और निगरानी के मामले में आरोप पत्र का गठन, साक्ष्य तैयार करने और मामले की जांच करने आदि की बारीकियों से पदाधिकारियों को रूबरू कराया। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मौजूदा वित्तीय वर्ष 2026 में जारी किए गए तीन परिपत्रों के बारे में जानकारी देते हुए सरकारी सेवक के खिलाफ आरोप पत्र गठित करने से लेकर अंतिम आदेश पारित किए जाने की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। प्रशिक्षक सतीश तिवारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को भ्रष्टाचार के अलग-अलग श्रेणियों से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि कार्यालयी संबंध रखने वाला या बिना ख्याति प्राप्त व्यक्ति से फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन करने के लिए विधिक प्राधिकारी से अनुमति लेने की जरूरत होगी। उन्होंने उदाहरण के तौर पर कहा कि पंजीकृत व्यापारी या बिल्डर से जमीन खरीदने से पहले अनुमति की जरूरत नहीं है, लेकिन किसी किसान या फिर दूसरी परिस्थितियों में जमीन की खरीदी करने पर विधिक प्राधिकारी से अनुमति लेने की जरूरत है।

# विधान परिषद चुनाव में निर्वाचित सदस्यों को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए हुए द्विवार्षिक निर्वाचन में निर्वाचित पवन सिंह, अनिल ठाकुर, निशांत, डॉ. सुनील कुमार सिंह, अशरफ अंसारी, शिवरानी देवी, संजय प्रकाश, डॉ. भारती मेहता और शीला पंडित को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही एक सीट पर हुए उपचुनाव में निर्वाचित ललन प्रसाद को भी शुभकामनाएं दीं। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी निर्वाचित सदस्यों के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके निर्वाचन से विधान परिषद में होने वाले विधायी विमर्श को नया आयाम मिलेगा तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को और मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाकर राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# प्रख्यात साहित्यकार रघुनाथ प्रसाद सिंह को दी श्रद्धांजलि, उनकी लेखनी सदैव जीवित रहेगी : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** बिहार की साहित्यिक एवं बौद्धिक दुनिया के लिए वर्ष 2026 एक अपूरणीय क्षति लेकर आया है। प्रख्यात साहित्यकार, अनुवादक और विद्वान रघुनाथ प्रसाद सिंह के निधन पर विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अप्रैल 2026 में उनके निधन के बाद साहित्य जगत में शोक की लहर है। इस अवसर पर कैरियर मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रघुनाथ प्रसाद सिंह का योगदान केवल साहित्य तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने ज्ञान, चिंतन और अनुवाद कार्यों के माध्यम से समाज को बौद्धिक रूप से समृद्ध करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। डॉ. झा ने बताया कि वर्ष 2018 में उन्हें गणेशदत्त परिषद् द्वारा प्रकाशित पुस्तक सर गणेशदत्त सिंह : एक जीवन परिचय की एक प्रति उपहार स्वरूप प्राप्त हुई थी। इस पुस्तक का अनुवाद स्वयं रघुनाथ प्रसाद सिंह ने किया था। पुस्तक के प्रथम पृष्ठ पर उनके हस्ताक्षर और आत्मीय संदेश आज भी उनके लिए अमूल्य धरोहर के रूप में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि रघुनाथ प्रसाद सिंह भले ही शारीरिक रूप से अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनकी भाषा की संवेदना और उनका साहित्यिक अवदान सदैव जीवित रहेगा। उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

# योगजनक महर्षि पतंजलि संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित योगजनक महर्षि पतंजलि स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन किया गया। यह अभियान के अन्तर्गत आयोजित निरन्तर 45वां शिविर है जिसमें देश-विदेश के संस्कृत विद्वानों की सहभागिता रही। शिविर का विधिवत उद्घाटन अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस पर संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन अति आवश्यक है क्योंकि योग के कारण ही शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है। चित्तवृत्तियों को रोकना एवं आत्मा को परमात्मा से मिलाने की क्रिया योग है। मुख्यातिथि प्रोफेसर डॉ रागिनी वर्मा ने कहा कि योगसूत्र योगदर्शन का मूल ग्रन्थ है जिसके रचयिता महर्षि पतंजलि थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने भारत के सभी लोगों से योगसूत्र को अध्ययन करने की अपील की तथा संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में उपस्थित होने को कहा।

# पूर्व मध्य रेल ने की प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट्स पर हितधारक परामर्श बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र के आलोक में प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट्स हेतु विशेष संविदा शर्तों के निर्माण के लिए हितधारकों से सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के उद्देश्य से महेंद्रूघाट, पटना स्थित सम्मेलन कक्ष में हितधारक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कैटरिंग सेवा क्षेत्र से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। लगभग 18 फर्मों के 25 प्रतिनिधियों ने बैठक में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया जबकि 25 से अधिक फर्मों के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें संविदा अवधि, पात्रता मानदंड, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय ब्रांडों की भागीदारी, आउटलेट्स में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाएं तथा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाओं के विकास से संबंधित विषय प्रमुख रहे। हितधारकों ने पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट्स स्थापित करने में गहरी रुचि व्यक्त की। कई प्रतिभागियों ने प्रतिष्ठित क्षेत्रीय ब्रांडों को पर्याप्त अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया जबकि अधिकांश प्रतिभागियों ने सेवा की गुणवत्ता तथा व्यावसायिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि को अपेक्षाकृत लंबा रखने का समर्थन किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट मार्केटिंग जाफर आजम ने कहा कि हितधारकों की सक्रिय भागीदारी से एक पारदर्शी, व्यावहारिक एवं प्रभावी नीति तैयार करने में सहायता मिलेगी। उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/कैटरिंग प्रभास राघव ने प्रतिभागियों से रचनात्मक सुझाव साझा करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राप्त सुझावों के आधार पर यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुरूप एक बेहतर एवं यात्री-केंद्रित व्यवस्था विकसित की जाएगी। पूर्व मध्य रेल द्वारा हितधारकों से आगे भी सुझाव प्राप्त करने के लिए उन्हें एक ई-मेल आईडी एवं संपर्क नंबर उपलब्ध कराया गया है जिससे नीति निर्माण प्रक्रिया को और अधिक सहभागी एवं पारदर्शी बनाया जा सके।

# श्रम मंत्री से इएसआइसी क्षेत्रीय निदेशक ने की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने श्रम संसाधन मंत्री, बिहार सरकार, अरुण शंकर प्रसाद से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक ने मंत्री को राज्य में ईएसआईसी एवं ईएसआईएस के वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चर तथा उनकी भूमिका व कार्यप्रणाली से विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि यह योजना किस प्रकार राज्य के बीमितों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का कार्य करती है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से राज्य में मौजूद औषधालयों की उत्पादकता बढ़ाने तथा श्रमिकों के हित में चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के क्रम में क्षेत्रीय निदेशक ने मंत्री को नए लेबर कोड के लागू होने के बाद चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाले आधारभूत संरचना के विकास के लाभ से अवगत कराया तथा बताया कि जिसमें अब जोखिम भरे उद्योग में काम करने वाले एक-एक कर्मचारी ईएसआईसी के दायरे में आएंगे इसके अतिरिक्त गिग वर्कर्स को भी सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा।

# 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पटना में होगा राज्यस्तरीय आयोजन

## योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार : निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 21 जून 2026 को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य आयुष समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार द्वारा पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक भवन, पटना तथा उच्च न्यायालय परिसर पटना में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' निर्धारित की गई है। इस थीम के माध्यम से लोगों को बढ़ती उम्र में बेहतर स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और मानसिक संतुलन के लिए योग अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों सहित आयुष केंद्रों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के लिए विभिन्न सहभागिता एवं जागरूकता आधारित गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। श्री निशांत ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक प्रभावी जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बिहार के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष रूप से वृद्धावस्था में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को कम करने, जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने तथा सक्रिय एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने में योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) संचालित है जहां आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को उपचार एवं आयुष औषधियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इन केंद्रों पर नियमित योगाभ्यास कराया जाता है तथा औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों के गुणों एवं उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी दी जाती है।

# एलन पटना की छात्रा ऋद्धि इंटरनेशनल ओलंपियाड में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** जेइइ व नीट के साथ-साथ नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड में भी एलन पटना के स्टूडेंट्स अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं। इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड में एलन पटना स्टूडेंट ने उपलब्धि हासिल की है। एलन जोनल हेड डॉ.विपिन योगी ने बताया कि जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलम्पियाड की फाइनल टीम की घोषणा कर दी गई है। फाइनल टीम में 4 स्टूडेंट्स भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, इसमें तीन छात्र व एक छात्रा शामिल हैं। यह एकमात्र छात्रा एलन पटना की स्टूडेंट ऋद्धि रंजन होगी। यह सम्पूर्ण बिहार के लिए गौरव की बात है। फाइनल 20 से 27 अगस्त तक ट्यूरिन, इटली में होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो वर्षों में एलन पटना ने शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में छात्रों की सफलता इसकी अकादमिक गुणवत्ता का प्रमाण है।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए शिक्षा विभाग के कर्मियों ने ली सामूहिक शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के मदन मोहन सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभागीय अधिकारियों और कर्मियों को बाल श्रम के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों के शिक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था। निदेशक (प्रशासन) मनोरंजन कुमार ने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मियों को बाल श्रम उन्मूलन की शपथ दिलाई जिसमें सभी कर्मियों ने संकल्प लिया कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करेंगे, न ही उसे बढ़ावा देंगे। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा की कि अपने व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य नहीं कराएंगे तथा समाज में बाल श्रम के विरुद्ध निरंतर जन-जागरूकता फैलाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्ण बचपन का अधिकार है। बाल श्रम न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में भी बाधक बनता है। इसे समाप्त करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। अंत में सभी प्रतिभागियों ने राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया। शिक्षा विभाग ने बाल अधिकारों की रक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

# रोहतास के 19 प्रखंडों में किया जाएगा दो दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय रोहतास के डीआरडीए सभागार में प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति एवं लाभार्थियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से 17 एवं 18 जून 2026 को जिले के सभी 19 प्रखंडों में एक साथ प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी, लंबित प्रकरणों के निष्पादन तथा लाभ वितरण की कार्रवाई की जाएगी। शिविर में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड (70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों हेतु), सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाएं, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रत्येक योजना के लिए पृथक काउंटर स्थापित करने तथा प्रत्येक काउंटर के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षित स्वयंसेवक एवं कर्मी लाभार्थियों को सही काउंटर तक पहुंचाने, आवेदन प्रपत्र भरने तथा आवश्यक दस्तावेजीकरण में सहयोग प्रदान करेंगे। जिलाधिकारी ने शिविर स्थल पर मेडिकल स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। मेडिकल स्टॉल में प्राथमिक स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, शुगर परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। बैठक में सभी प्रखंडों में शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत स्तर तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लाभार्थियों को यह जानकारी पूर्व से उपलब्ध कराने को कहा गया कि वे शिविर में भाग लेने के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र अपने साथ अवश्य लाएं, ताकि आवेदन, निबंधन एवं लाभ वितरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी बीपीआरओ उपस्थित थे।

## महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने हेतु सखी वार्ता कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और समाज में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'सखी वार्ता सह दीदी अधिकार केंद्र' के तत्वावधान में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सासाराम के बेलाढ़ी पंचायत में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र की सक्रिय 'दीदियों' ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह प्रशिक्षणकर्ता जिला परियोजना प्रबंधक, मो. शमीम अंसारी, महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और उनके संरक्षण के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी देना है।

**अधिकारों के प्रति जागरूकता:** दीदियों को घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और पोक्सो एक्ट जैसे महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया।

**सरकारी योजनाओं की जानकारी:** महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़ी महिला तक कैसे पहुंचाया जाए, इसकी रणनीति साझा की गई।

**सखी वार्ता की भूमिका:** संकट की स्थिति में महिलाएं 'दीदी अधिकार केंद्र' के माध्यम से कैसे त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती है और अपनी समस्याओं को खुलकर रख सकती है इस पर विशेष चर्चा हुई। यह प्रशिक्षण मात्र एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब हमारी दीदियां अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने और दूसरों की मदद करने में सक्षम होंगी। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया और उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अन्य महिलाओं को भी इस जानकारी से अवगत कराएंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन और महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## परिवादियों ने रखीं समस्याएं, एसडीओ ने दिए शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं। इस जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के कुल 84 परिवादी अपनी शिकायतें लेकर उपस्थित हुए। प्राप्त आवेदनों का वर्गीकरण करने पर भूमि विवाद से संबंधित सबसे अधिक 39 मामले सामने आए जबकि राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं को लेकर 21 नागरिकों ने आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त विविध प्रकृति के अन्य 24 मामले भी दर्ज किए गए जिनमें पेंशन, प्रमाण-पत्र, आपूर्ति एवं स्थानीय प्रशासन से जुड़े मुद्दे शामिल थे। जनता दरबार के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने सभी 84 आवेदन पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभागों, कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए। एसडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मामलों का निपटारा नियमानुसार समयबद्ध तरीके से किया जाए, वहीं राशन कार्ड से जुड़े आवेदनों पर पात्रता की जांच कर अविलंब लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराना है, ताकि आम लोगों का जीवन सरल बन सके। जनता दरबार में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनके आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई होगी। अनुमंडल प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा कर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा जिससे जनता का शासन-प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

## छात्रा का शव आहर में मिलने से सनसनी, एसपी-डीएसपी घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के इटवां गांव में मैट्रिक परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाली छात्रा मनीषा कुमारी का शव गुरुवार की देर शाम गांव के बाहर स्थित आहर में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार इटवा गांव निवासी बादशाह सिंह कुशवाहा की पुत्री मनीषा बुधवार सुबह कोआथ स्थित कोचिंग संस्थान में पढ़ने गई थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। इसी बीच गुरुवार शाम आहर में युवती का शव मिलने की सूचना पर पहुंची मृतका की मां और छोटे भाई अनीश कुमार ने शव की पहचान मनीषा के रूप में की। अनीश ने आरोप लगाया कि बहन के शरीर पर मारपीट के निशान थे, एक आंख क्षतिग्रस्त थी और कई दांत भी टूटे हुए थे जिससे हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही दावथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार तथा बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की। थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा ने बताया कि शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। छात्रा के कोचिंग संस्थान, उसके साथ पढ़ने वाली छात्राओं तथा उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना की वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी, लेकिन प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दावा किया है कि मामले के हर बिंदु की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। मनीषा ने वर्ष 2026 में मैट्रिक परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी।

## प्रधानमंत्री के 12 साल सफल कार्यकाल पूरा होने पर कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ने लिया भाग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** भाजपा मंडल तिलौथू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल पर बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विधान परिषद सदस्य संतोष कुमार सिंह के द्वारा 12 साल विश्वास के साथ विकास एवं जनकल्याण के तहत हुए विकास पर चर्चा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, किसानों के उत्थान तथा भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी उपस्थित बुद्धिजीवियों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु अपने-अपने विचार साझा किए तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## 20 सूत्री बैठक में लिए गये कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड 20 सूत्री की बैठक प्रखंड मुख्यालय मनरेगा भवन में सभी विभाग के अधिकारी और 20 सूत्री के सम्मानित सदस्यों ने बैठक में भाग लिए। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार के जितने भी कल्याकाणी योजना चल रही है उस योजना को सभी गांव पंचायत स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। अगर कोई भी विभाग के अधिकारी द्वारा गलत तरीका से किया जाएगा तो उस पर समिति जांच कराकर वरीय अधिकारी प्रदेश और जिला को लिखा जाएगा। सभी सदस्यों ने कृषि विभाग से किसानों के लिए यूरिया खाद का मुद्दा उठाया गया। बताया गया कि अधिक रुपया ले कर खाद बेचा जाता है। वैसे खाद दुकानदार को चिन्हित करकर कानूनी कार्रवाई की जाए। खाद्य आपूर्ति विभाग में कम अनाज दी जाती है। अंचल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि परिमार्जन मोटेशन को जल्द से जल्द किया जाय और मल्हीपुर मध्य विद्यालय का जमीन एनओसी मिला हुआ है, लेकिन जमीन अभी नापी नहीं हुआ है। जल्द से जल्द विद्यालय का जमीन नापी कराया जाए अन्यथा बाध्य हो कर जिलाधिकारी को लिखित शिकायत किया जाएगा। ठीक उसी प्रकार प्रखण्ड में जितनी योजनाएं चल रही है पंचायत समिति या मनरेगा और पंचायत में मुखिया जिला परिषद या नगर पंचायत के कामों की जांच करने को लेकर बैठक में मुद्दा गरमाया रहा।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अवैध खनन एवं बालू परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र में एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। यह कार्रवाई 11 जून 2026 की रात खनन पदाधिकारी, सासाराम द्वारा की गई। अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर को सुरक्षा की दृष्टि से अकोढ़ीगोला थाना परिसर में रखा गया है। मामले में खनन विभाग द्वारा नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध खनन एवं बालू के अवैध परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी और छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सासाराम, डिहरी ऑन-सोन एवं गया जंक्शन पर चला सघन टिकट जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम हेतु निरंतर सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सासाराम, डिहरी ऑन-सोन एवं गया जंक्शन पर विशेष टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान संबंधित स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों, पैदल उपरिगामी पुलों तथा प्रवेश एवं निकास द्वारों पर सघन टिकट जांच की गई। इसके अतिरिक्त इस रेल खंड में विभिन्न चलती ट्रेनों में भी टिकट जांच अभियान चलाकर बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। टिकट जांच स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों ने अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। जांच के दौरान कुल 460 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए जिनसे जुर्माने के रूप में 2,40,670 का राजस्व अर्जित किया गया। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट काउंटर, मोबाइल एप, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) एवं अन्य अधिकृत माध्यमों से टिकट प्राप्त करना सरल एवं सुविधाजनक है। बिना टिकट यात्रा करना रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। डीडीयू मंडल द्वारा अनधिकृत यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण तथा यात्रियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे विशेष जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## तिलौथू के अनुभूति क्लासेज के 12 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का बिहार पुलिस में चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू के न्यू एरिया में संचालित अनुभूति क्लासेज के 12 अभ्यर्थियों ने इस वर्ष के बिहार पुलिस की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है जिसको लेकर शुक्रवार को संचालक द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह सफलता केवल 12 विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरे तिलौथू क्षेत्र और ग्रामीण प्रतिभाओं की जीत है। सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदार हो और मार्गदर्शन सही मिले तो सफलता अवश्य कदम चूमती है। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी सत्यानंद कुमार एवं ओम जी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए रौशन एवं आदर्श विशेष रूप से बधाई दी जिन्होंने अथक मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन ने इन विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 युवाओं के चयन से न केवल उनके परिवारों में खुशियों का दीप जला है, बल्कि आने वाले समय में सैकड़ों घरों में आशा, आत्मविश्वास और सफलता की रोशनी फैलेगी। यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो यह सोचते हैं कि बड़े सपने केवल बड़े शहरों में ही पूरे होते हैं। समाजसेवी व शिक्षाविद ओम जी ने कहा कि याद रखिए मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। चयनित अभ्यर्थियों में प्रकाश कुमार, अविनाश कुमार, बलजीत कुमार, अमृता कुमारी, सकीना खातून, ममता कुमारी, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी, शिवानी कुमारी, पप्पू कुमार शामिल है।

## दो बच्चो की मां प्रेमी संग फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के तारबंगला निवासी दो बच्चों की मां अपने प्रेमी संग फरार हो गई। पुलिस के अनुसार युवती की माता शहनाज खातून ने प्राथमिकी में कहा है कि पुत्री शबनम परवीन की शादी औरंगाबाद जिले के अंबा निवासी इरफान अंसारी के साथ हुई थी। वह अपने दो बेटियों के साथ एक सप्ताह पूर्व यहां मायके आई थी। ससुराल से तीन लाख का आभूषण और 80 हजार रुपया लेकर यहां पहुंची थी। उसने गत 5 जून को कहा कि उसे दवा लेने बाहर जाना है थोड़ी देर में घर आएगी।

## मारपीट कर 55 सौ रुपये छीने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेता नौशाद को चार लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया और 5500 रूपये छीन लिए। पुलिस के अनुसार इस संबंध में अनवर अली, असगर, आमिर अली व तनवीर आलम पर प्राथमिकी की गई है।

## दोस्त ने बेची बाइक, बकाया एक हजार के लिए कर ली चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाइक खरीदने के बाद बकाया एक हजार रुपये और नाम ट्रांसफर के विवाद में दोस्त ने ही बाइक चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर कुरैशी टोला निवासी उजैर कुरैशी ने प्राथमिकी में कहा है कि उन्होंने गत 22 अक्टूबर को अपने दोस्त तारबंगला दिनेश कुमार से पल्सर बाइक खरीदी थी। बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 26 वाई 3994 था। तय रकम 71,000 रुपये में से 70,000 भुगतान कर दिया था।

## रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति पर भक्ति जागरण, रात भर झूमे श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दरिहट में आयोजित ग्यारह दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का समापन विशाल भंडारे और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। पूर्णाहुति के अवसर पर गुरुवार की रात भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध भोजपुरी और लोकगीत कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को रात भर भक्ति रस में सराबोर रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दरिहट गांव में वर्षों से चली आ रही यज्ञ की परंपरा आज भी जीवंत है। यहां के लोगों की यज्ञ के प्रति आस्था और समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस बार का यज्ञ पूरे जिले में ऐतिहासिक रहा और इतने लंबे समय तक चलने वाला यज्ञ उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष 30 मई से श्रीधाम वृंदावन की प्रसिद्ध लीला मंडली द्वारा लीला मंचन शुरू हुआ था, जो लगातार 13 दिनों तक चला। इस कारण यज्ञ का आयोजन और भी भव्य एवं आकर्षण का केंद्र बन गया। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने पहुंचते रहे। विधायक सोनू सिंह ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा से मन को सुख, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी। भक्ति जागरण की शुरुआत झारखंड के बोकारो की चर्चित भोजपुरी गायिका खुशबू सिंह ने प्रसिद्ध भजन 'निमिया के डाढ़ी मैया मारे ले हिलोरा' से की। इसके बाद वायरल सिंगर बबिता सागर, लोकगीत गायक वैदिक तिवारी, उत्तम राज, आर्यन सिंह समेत कई कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह एवं गोलू सिंह ने किया। देर रात तक चले भक्ति जागरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा माहौल भक्ति एवं उत्साह से सराबोर रहा। विशेष रूप से बबिता सागर की प्रस्तुति पर श्रोता देर रात तक झूमते नजर आए।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( लापता रागनी देवी, उम्र–25 वर्ष )**



मेराल थाना सनहा सं0–12/25 दिनांक–16.07.25 में लापता रागनी देवी उम्र–25 वर्ष, पति–श्शलैन्द्र कुमार भुईयॉ, ग्राम–बासु, पो0–लाईन पथरा, थाना–पड़वा, जिला–पलामू, वर्तमान पता– पिता–अशोक भुईयॉ, ग्राम–सिरहे (लापता महिला का माईका) थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि लापता रागनी देवी दिनांक–22.06.25 को अपने माईका ग्राम–सिरहे के घर से कहीं भाग गई है, तथा अबतक घर वापस नहीं आयी है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया** :– नाम–रागनी देवी, लम्बाई–5 फीट 5 इंच, रंग–गोरा, पहनावा–काला रंग का साड़ी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 382206 Police(26-27)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**( लापता अंजली कुमारी, उम्र–20 वर्ष )**



मेराल थाना सनहा सं0–24/25 दिनांक–26.09.25 में लापता अंजली कुमारी उम्र–20 वर्ष, पिता–रामजन्म कुशवाहा,ग्राम–गोन्दा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि लापता अंजली कुमारी दिनांक–18.09.25 को अपने घर से लापता है, तथा अबतक घर वापस नहीं आयी है। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया** :– नाम–अंजली कुमारी, रंग–हल्का गोरा, लम्बाई–04 फीट 06 इंच, पहनावा–लाल रंग का सलवार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 382204 (Election) 26-27 (D)

# ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार का नवादा आगमन, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालय, महावीर मार्केट, नवादा में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। मंत्री श्रवण कुमार के नवादा पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और स्वागत नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अशोक कुमार यादव, जिला जदयू अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी, हरिकृपाल मोहन सिंह, मंजुर आलम, तने पठान, जीवनलाल चंद्रवंशी, अनवर भट्ट, किशोरी सिंह, प्रिंस प्रभात दांगी, विपिन चौधरी, शोभा कुमारी, फैज आफरीन, मोहम्मद राजा भट्ट, उदय यादव, बिंदु कुमारी, मनोरंजन कुमार, रिंकू कुमारी, काजल कुमारी, आलोक कुमार, देश प्रेमी, अनिरुद्ध प्रसाद तथा गया प्रसाद सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके अलावा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों जदयू कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के समक्ष संगठन और क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को भी रखा। मंत्री ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विकास कार्यों को गति देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में पार्टी नेताओं ने मंत्री का आभार व्यक्त किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा शहर के योगीपुर रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के पिन्नीपर गांव निवासी स्वर्गीय बुद्धू प्रसाद के 55 वर्षीय पुत्र नारायण प्रसाद के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह किसी आवश्यक कार्य से हिलसा कोर्ट आए थे। कार्य समाप्त कर घर लौटने के दौरान रेलवे क्रॉसिंग के पास अचानक एक टोटो सामने आ गया। टोटो को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

# किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की दिलाई शपथ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम अवस्थित राजेन्द्र भवन में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र एवं आत्मा, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश, ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार समेत अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की शपथ दिलाई और कहा कि इससे खेती की लागत कम होने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। वहीं ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि बढ़ती खेती लागत को कम करने के लिए प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक बेहतर और अंतिम विकल्प बन सकती है। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के लाभों पर विस्तार से चर्चा की। तकनीकी सत्र में कृषि प्रसार विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार ने किसानों को बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत तथा फसल सुरक्षा के प्राकृतिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह, रजत रंजन,प्रबंधक सुमिताप रंजन, सहयोगी पिंटू पासवान,श्रवण रविदास, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, भाजपा नेता नीतू कुमारी सहित कृषि विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लगभग 250 किसानों ने भाग लिया।

# सात निश्चय-3 के तहत जिलेभर में जनसुनवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 48 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना हिसुआ अंतर्गत ग्राम धनवा निवासी अविनाश कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित, थाना अकबरपुर अंतर्गत ग्राम भनैल लोदीपुर निवासी अर्जुन प्रसाद द्वारा नल-जल योजना कनेक्शन से संबंधित, थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम मकनपुर निवासी महेशर मांझी द्वारा पंप ऑपरेटर मानदेय भुगतान से संबंधित तथा थाना नरहट अंतर्गत ग्राम जमुआरा निवासी जग्रनाथ प्रसाद द्वारा भूमि मापी से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान की जा सके। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जहां आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

# तटवासी समाज न्यास ने बाल मजदूरी के खिलाफ चलाया जनजागरूकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे संगठन तटवासी समाज न्यास ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ चलाया जनजागरूकता अभियान जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के अफसरों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। यह अभियान राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से जून को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई माह या 'एक्शन मंथ' के रूप में मनाने के बाबत जारी अधिसूचना व निर्देशों के तहत चलाया गया और यह अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा। इस दौरान बाल मजदूरी की शिकायत वाले इलाकों में छानबीन करने व बच्चों को मुक्त कराने के लिए साझा अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। तटवासी समाज न्यास बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। जून महीने को बाल श्रम के खिलाफ 'एक्शन मंथ' के तौर पर मनाया जाता है और चूंकि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल मजदूरी का मुख्य कारण है, इसलिए नागरिक समाज संगठन इस दौरान पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकर दुर्व्यापारियों और उनके गठजोड़ की शिनाख्त के लिए कड़ी नजर रखते हैं। इस मौके पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए तटवासी समाज न्यास के निदेशक कन्हैया कुमार सिंह ने कहा, "बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से महरूम कर देता है, बच्चों से बेहद अमानवीय और शोषणकारी स्थितियों में काम लिया जाता है। स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थितियों में मामूली पैसे पर इन्हें दिन रात खटाया जाता है जिससे इनकी सेहत व मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। बच्चों की जगह ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं बल्कि स्कूल में है। चूंकि ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी आपसे में गहरे तक जुड़े हैं, हम ट्रैफिकिंग की रोकथाम, बच्चों को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय के साथ काम करते रहेंगे। साथ ही, हम सुनिश्चित करेंगे कि हर बच्चे की देखभाल हो, समुचित पुनर्वास हो और उसे वो सभी सुविधाएं मिलें जिसका वह हकदार है।" इस नेटवर्क की सबसे बड़ी ताकत इसका साझा निगरानी तंत्र और आपसी सहयोग है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के देश भर में फैले सहयोगी संगठन एक दूसरे की आंख-कान का काम करते हैं और आपस में सूचनाएं साझा करने के साथ ट्रैफिकिंग के मामलों की निगरानी करते हैं। नेटवर्क के खुफिया सूचना-साझाकरण तंत्र ने देश के विभिन्न हिस्सों में ट्रैफिकिंग के शिकार बच्चों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नतीजे में अप्रैल 2023 से मार्च 2026 के बीच 1.45 लाख से अधिक बच्चों को ट्रैफिकिंग से मुक्त कराया गया। इनमें अधिकांश मामले ऐसे थे, जिनमें बच्चों की ट्रैफिकिंग कर उन्हें बाल श्रम करने के लिए मजबूर किया गया था।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर रजौली में जागरूकता कार्यक्रम, 260 युवाओं ने लिया संकल्प



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर हरदिया सेक्टर-बी, रजौली में बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन (एभीए) के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और समुदाय में बाल अधिकारों तथा संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। एवीए नीति आयोग का डेवलपमेंट पार्टनर एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है।

कार्यक्रम का शुभारंभ रजौली प्रखंड कार्यालय से आए उर्दू अनुवादक पवन कुमार, हरदिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद तनवीर आलम, समीर अंसारी, वार्ड सदस्य मोहम्मद मेहरान अंसारी एवं जिला परिषद प्रतिनिधि ऋषि कपूर ने संयुक्त रूप से किया।

**कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी**

एवीए के प्रतिनिधि रविशंकर राय ने बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह की वर्तमान स्थिति, कारणों, दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम सहित बच्चों के संरक्षण से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। साथ ही समुदाय, युवाओं और प्रशासन की भूमिका पर भी चर्चा की।

**बच्चों को सुरक्षित बचपन का अधिकार : पवन कुमार**

मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित एवं सम्मानजनक बचपन प्राप्त करने का अधिकार है। बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी जैसे अपराध बच्चों के अधिकारों का हनन करते हैं और उनके भविष्य को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों की रोकथाम के लिए कानूनी जागरूकता के साथ समाज और प्रशासन की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। उन्होंने युवाओं से बाल अधिकारों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बाल नेता संगम कुमारी ने कहा कि बाल श्रम मुक्त, बाल विवाह मुक्त एवं बाल तस्करी मुक्त रजौली के निर्माण में बच्चों और युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन का आभार जताते हुए युवाओं से जागरूकता फैलाने की अपील की। इस दौरान बच्चों द्वारा बाल अधिकार, शिक्षा एवं बाल संरक्षण विषय पर तैयार पोस्टर अतिथियों को भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर राय ने किया। इसमें विभिन्न पंचायतों से आए 260 युवाओं एवं युवतियों ने भाग लिया और बाल अधिकार, संरक्षण, सरकारी योजनाओं व कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की।

# जन कल्याण शिविर की तैयारी को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। 17 एवं 18 जून 2026 को आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर की तैयारी को लेकर शुक्रवार को कौआकोल प्रखंड कार्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ शिविर की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे,जहां योजनाओं से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन,दस्तावेज सत्यापन,ई-केवाईसी तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शिविर को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रभारी बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार,पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल,पीओ मोहम्मद असलम हुसैन समेत कई विभागों के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चोरी कांड का उदभेदन कर पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव में 5 जून को पांच घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से चोरी की राशि में से 15 हजार 600 रुपये बरामद किए हैं। आयोजित प्रेस वार्ता में डीएसपी सुमंत कुमार गुप्ता ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले एक संगठित गिरोह द्वारा इलाके की रेकी की गई थी। इसके बाद गिरोह के सदस्यों ने सूरजपुर गांव के पांच घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक कुमार, सकलदीप कुमार तथा ऋत्विक प्रखर उर्फ अप्पा शामिल हैं। तीनों आरोपियों के पास से चोरी के 15,600 रुपये बरामद किए गए हैं। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम अधीक्षक कार्यालय, बिहारशरीफ में श्रम विभाग एवं आइडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ हुई। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

इसके बाद अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का उद्घाटन नालंदा श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार, आइडिया संस्था की निदेशक रागिनी कुमारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक अभिशाप है, जो बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके उज्ज्वल भविष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है तथा बाल श्रम उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनों, सरकारी योजनाओं तथा बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी गई। लोगों से अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिले तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में नालंदा श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार, नियोजन पदाधिकारी मो. अकीफ, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चंडी प्रिंस कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुमन कुमार, पूर्व एमएलसी राजकुमार सिंह, सहित विभागीय पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का जनसंपर्क अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को नालंदा जिले के कतरीसराय, नालंदा एवं बेन मंडलों में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी बलराम मंडल तथा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना शामिल हुए और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने आम लोगों के बीच जाकर मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर बलराम मंडल ने बिहारशरीफ परिसदन में भाजपा जिला पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कतरीसराय मंडल में मंडल अध्यक्ष कृष्ण मूर्ति कुमार के नेतृत्व में आयोजित जनसंपर्क अभियान को संबोधित करते हुए बलराम मंडल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं और देश की जनता उन्हें लगातार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। वहीं, नालंदा विधानसभा क्षेत्र के मंडाछ गांव तथा बेन मंडल के महमदपुर गांव में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए संजय कुमार मुन्ना ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। कार्यक्रमों में जिला उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# सिपाही भर्ती परीक्षाः 23 केंद्रों पर 63,648 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर शुक्रवार को टाउन हॉल, बिहारशरीफ में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों, केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा केंद्रीय चयन पर्षद के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। यह परीक्षा 14 जून एवं 17 जून को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। बिहारशरीफ जिला मुख्यालय के 23 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा दिवस पर प्रथम एवं द्वितीय पाली में 15,912-15,912 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस प्रकार एक दिन में कुल 31,824 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि दोनों दिनों को मिलाकर कुल 63,648 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की पहचान करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि से संबंधित मामलों की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देने को लेकर शुक्रवार को कौआकोल प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची का गहन सत्यापन करते हुए दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की पहचान करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण बेहद जरूरी है। इस दौरान बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य से संबंधित कई आवश्यक जानकारियां दी गईं तथा कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षक जयप्रकाश मेहता समेत सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

**AFFIDAVIT**

I, PINKY KUMARI D/O RAM PADARATH NARAYAN R/O 656A/1 Dhaneshwari Bhawan Mandir Naya Tola Kumharar Agamkuan B H Colony Patna Bihar-800026, have changed my name to PAYAL ANAND.

# प्राकृतिक खेती से घटेगी रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता : सुशील सिंह

## कृषि विज्ञान केंद्र आमस में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित, 2410 किसान कर रहे जैविक एवं प्राकृतिक खेती




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस (गया)।** कृषि विज्ञान केंद्र, आमस में शुक्रवार को 'खेत बचाओ अभियान' के तहत जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील सिंह ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर बढ़ती निर्भरता को कम करना समय की आवश्यकता है। प्राकृतिक खेती इस दिशा में एक प्रभावी पहल है जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति सुरक्षित रहेगी और किसानों की लागत भी कम होगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कम से कम अपनी खेती के 20 से 25 प्रतिशत हिस्से में प्राकृतिक खेती अपनाएं, ताकि घरेलू उपयोग के लिए सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न का उत्पादन हो सके। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बिहार के किसानों को इससे सीख लेते हुए टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यशाला में बताया गया कि जिले में जैविक खेती प्रोत्साहन कार्यक्रम, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत कुल 40 क्लस्टरों में 2410 किसान लगभग 1250 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत बांके बाजार, बोधगया, टनकुप्पा, फतेहपुर और टिकारी प्रखंडों के 25 क्लस्टरों में 535 किसान 500 हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती कर रहे हैं। किसानों को प्रशिक्षण, जागरूकता, जैविक प्रमाणीकरण, पैकेजिंग और जैविक उत्पादों के विपणन के लिए सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में किसानों को वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग और उसके लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई निर्माण पर लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 5000 रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। वर्ष 2024 में 91 किसानों द्वारा 262 इकाइयों तथा वर्ष 2025 में 162 किसानों द्वारा 472 वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों का निर्माण किया गया है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जिले के 15 प्रखंडों में एक-एक क्लस्टर का चयन कर 1875 किसानों को प्रशिक्षित किया गया है। इन किसानों द्वारा 750 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की जा रही है। किसानों को बीजामृत, जीवामृत, घन-जीवामृत, नीमास्त्र, दशपर्णी, मल्चिंग, बहुफसली खेती और पारंपरिक बीजों के उपयोग की जानकारी दी गई है। इसके अलावा किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़े उपकरण, ड्रम, स्टोरेज कंटेनर तथा अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। चयनित क्लस्टरों में जैविक आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले में 10 जैव उपादान संसाधन केंद्र (बीआरसी) स्थापित किए गए हैं। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, गया, कृषि विज्ञान केंद्र आमस के वरीय वैज्ञानिक, उप निदेशक (रसायन), आत्मा के पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष धनंजय शर्मा, भाजपा नेता निरंजन सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने, खेती की लागत कम करने और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

# फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई, गया में दो किसान सलाहकार चयनमुक्त

## लक्ष्य पूरा नहीं करने और आदेशों की अवहेलना पर डीएम ने लिया सख्त निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** किसानों की पहचान और कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में लापरवाही बरतने वाले दो किसान सलाहकारों पर जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिला पदाधिकारी गया ने कार्य में लगातार उदासीनता, निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे रहने तथा बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं करने के आरोप में दो किसान सलाहकारों को चयनमुक्त कर दिया है। कृषि विभाग के अनुसार कृषि विभाग एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12 मई 2026 से जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है। इस अभियान की नियमित रूप से उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। अतरी प्रखंड के किसान सलाहकार सुमित कुमार को चयनमुक्त कर दिया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 1828 लाभार्थी किसानों के विरुद्ध उन्हें फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन छह माह की अवधि में उन्होंने केवल 711 किसानों का ही पंजीकरण कराया। विभाग ने बताया कि 12 मई से 31 मई के बीच उन्होंने एक भी किसान की रजिस्ट्री नहीं की। चेतावनी और स्पष्टीकरण के बावजूद 8 जून को भी उनका प्रदर्शन शून्य रहा जबकि 9 जून को मात्र दो किसानों का पंजीकरण किया गया। साथ ही उन्होंने मांगे गए स्पष्टीकरण का जवाब भी समय पर नहीं दिया। इसी तरह फतेहपुर प्रखंड के किसान सलाहकार प्रभात कुमार पर भी कार्रवाई की गई है। उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 1467 लाभार्थियों की फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन छह माह में उन्होंने केवल 519 किसानों का पंजीकरण कराया। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार 12 मई से 31 मई तक उन्होंने केवल तीन किसानों की रजिस्ट्री की। वहीं 17 फरवरी से 7 जून तक मात्र सात किसानों का पंजीकरण किया गया। 8 जून को कोई रजिस्ट्री नहीं हुई जबकि 9 जून को केवल तीन किसानों का पंजीकरण किया गया। लगातार लापरवाही, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने के कारण उन्हें भी चयनमुक्त कर दिया गया। जिला प्रशासन ने इस कार्रवाई को सरकारी योजनाओं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। जिला पदाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान में लगे सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले कर्मियों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री अभियान को किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने और कृषि संबंधी आंकड़ों के सटीक संकलन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# आइआइटी परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शुभम कुमार से मिले अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गया निवासी प्रतिभाशाली छात्र शुभम कुमार के पैतृक आवास पहुंचकर उन्हें आईआईटी (जेईई एडवांस्ड) 2026 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने शुभम एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया जिले के होनहार छात्र शुभम कुमार ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर न केवल गया जिले बल्कि पूरे बिहार का गौरव बढ़ाया है। 330 अंकों के साथ हासिल की गई यह अभूतपूर्व सफलता उनकी कठिन मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि शुभम की यह उपलब्धि बिहार के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# गुरारू में जीविका सैनिटरी पैड उत्पादन इकाई का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू (गया)।** गुरारू सर्वोदय उच्च विद्यालय के समीप अर्चना जीविका सैनिटरी पैड प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन टिकारी एसडीएम प्रवीण कुंदन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर यूनिट की प्रोपराइटर अर्चना देवी एवं अधिवक्ता सह पत्रकार बाल कृष्ण पाठक ने गुरुवार को बताया कि यह उत्पादन इकाई जीविका के सहयोग से स्थापित की गई है। इस यूनिट में आधुनिक मशीनों के माध्यम से प्रति मिनट लगभग 30 सैनिटरी पैड तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस इकाई के संचालन से स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तथा किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण सैनिटरी पैड भी उपलब्ध हो सकेंगे।

# विष्णुपद मंदिर समेत पर्यटन स्थलों का होगा व्यापक विकास, 694 संरचनाएं बनेंगी: मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गयाजी जिले के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर और आसपास के अन्य पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में पर्यटन विभाग ने तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है। विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में कुल 694 संरचनाओं का विकास किया जाएगा। इनमें कमर्शियल शॉप, वाहन पार्किंग, श्रद्धालुओं एवं पिंडदानियों के लिए शेड, फल्गु नदी घाट का विकास एवं सौंदर्यीकरण, विष्णुपद मंदिर से मानपुर तक नदी घाट का विकास, सीता कुंड क्षेत्र का विकास आदि प्रमुख कार्य शामिल हैं। इसके अलावा प्रस्तावित मेडिटेशन सेंटर एवं एक्सपीरियम सेंटर, ब्रह्मयोनि पर्वत पर रज्जू मार्ग तथा रोपवे



सहित अन्य विकास कार्यों का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को गयाजी स्थित विभिन्न पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने विष्णुपद मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और समस्त बिहारवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की मंगलकामना की। महाबोधि मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं का निरिक्षण किया। इसके अलावा बुद्धा टूरिज्म कॉम्प्लेक्स, विवेकानंद जी महाराज मठ एवं बनने वाले नए मेडिटेशन भवन का भी जायजा लिया। मंत्री श्री प्रसाद ने पर्यटन विकास निगम की ओर से तैयार किए गए विकास कार्यों के मास्टर प्लान की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि विष्णुपद मंदिर परिसर, फल्गु नदी के तटीय क्षेत्र और आसपास के इलाकों को इस प्रकार विकसित किया जाए कि मुख्य मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रतिवर्ष देश-विदेश से बड़ी संख्या में पिंडदान करने वाले श्रद्धालु यहां आते हैं। इसलिए मंदिर कॉरिडोर का कार्य तेज गति से पूरा किया जाए।

# नीम करौली बाबा के समाधि स्थल पर पहुंचे डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने नैनीताल प्रवास के दौरान नीम करौली बाबा के पावन समाधि स्थल पर सपरिवार दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हनुमान के परम भक्त नीम करौली बाबा ने अपने सरल जीवन और दिव्य व्यक्तित्व से लाखों लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में, जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, बाबा की शिक्षाएं प्रेम, एकता और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने बाबा के श्रीचरणों में बिहार की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की प्रार्थना की।

# डाक जीवन बीमा पीएलआई अभियान में गया डाक मंडल पूरे बिहार में दूसरे नंबर पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** डाक निदेशालय द्वारा 11 जून को पूरे देश में डाक जीवन बीमा अभियान का आयोजन किया गया था जिसमें गया डाक मंडल ने 1 दिन में 722 नई पॉलिसी के साथ 70 लाख प्रीमियम जमा करवाकर पूरे बिहार परिमंडल में दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रवर डाक अधीक्षक अंशुमान के निर्देशन एवं वरीय डाकपाल, गया प्रधान डाकघर, सहायक डाक अधीक्षक, डाक निरीक्षकों एवं विकास अधिकारी के अगुआई में गया डाक मंडल के डाककर्मी और डाक सेवकों ने गया के 722 परिवारों को डाक जीवन बीमा से लाभान्वित किया। डाक जीवन बीमा भारत सरकार की सबसे पुरानी एवं सबसे बेहतर जीवन बीमा है जो डाकघर द्वारा चलाई जाती है। पीएलआइ में कम प्रीमियम में अधिक बोनस का लाभ ग्राहकों को मिलता है जहां प्राइवेट कंपनियों और कारपोरेट कंपनियां प्रति 1000 के बीमा पर 40 से 42 रुपए का बोनस देती है वही डाक जीवन बीमा आपके 1000 के बीमा पर 52 का बोनस देती है यानी कि लगभग 25% ज्यादा।



चूंकि यह केंद्र सरकार द्वारा समर्थित योजना है इसलिए यहां बीमा धारकों का पैसा पूर्ण रूप से सुरक्षित है ।डाक जीवन बीमा अच्छा रिटर्न के साथ आपके जीवन का रिस्क भी कवर करता है। यह अपने ग्राहकों को अपने आर्थिक क्षमताओं के अनुसार पॉलिसी लेने का विकल्प उपलब्ध करता है। इसके तहत आप 20000 से लेकर 50 लाख तक का बीमा ले सकते हैं। डाक जीवन बीमा कराने के लिए अपने नजदीकी डाकघर में संपर्क करें या अपने क्षेत्र के डाकिया को संपर्क करें। इस योजना के विशेष जानकारी के लिए आप गया डाक मंडल के डेवलपमेंट औफिसरि से 6299953993 पर संपर्क कर सकते हैं । गया जिले के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त करने और उनके परिवारों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक घर को इसके तहत लाया जाएगा।

# गया में 14 परीक्षा केंद्रों पर होगी सिपाही भर्ती परीक्षा, कदाचारमुक्त आयोजन के लिए व्यापक तैयारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा के सफल संचालन को लेकर संबंधित केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। यह परीक्षा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय तथा परिवहन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल और चलंत दस्ता सिपाही के पदों पर चयन के लिए 14 जून और 17 जून को दो-दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक होगी। गया जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी जिनमें अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, राम रुचि बालिका इंटर स्कूल, महावीर इंटर कॉलेज, गवर्नमेंट गर्ल्स प्लस टू स्कूल रमना, अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, टी मॉडल इंटर स्कूल, प्लस टू काशमी हाई स्कूल, प्लस टू जिला स्कूल सहित अन्य केंद्र शामिल हैं। दोनों तिथियों पर प्रत्येक पाली में 6,648 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस प्रकार प्रतिदिन कुल 13,296 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्र प्रेक्षक, दो स्थायी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 31 स्थायी दंडाधिकारी और 8 जोनल दंडाधिकारी भ्रमणशील रहेंगे। सभी केंद्रों पर सतत वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी तथा 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 0631-2222634 है।

# बंद घरों से चोरी, लाखों के जेवर ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के तरारी गांव में गुरुवार देर रात चोरों ने चार बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह तब हुई जब ग्रामीणों ने गांव के बधार में बिखरा हुआ सामान देखा। सूचना मिलने पर कोंच पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तरारी गांव निवासी स्व. मृत्युंजय सिंह उर्फ साधु सिंह का एक माह पूर्व हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। इसके बाद उनके दोनों पुत्र विकास सिंह और विवेक सिंह जो सेना में कार्यरत हैं, अपने-अपने परिवार के साथ बाहर रह रहे हैं। चोरों ने उनके बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। परिजनों के अनुसार घर से लगभग 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के जेवरात चोरी हुए हैं। इसी क्रम में चोरों ने दिनेश सिंह के बंद घर को भी निशाना बनाया। बताया जाता है कि दिनेश सिंह कोंच में रहकर अपना कार्य करते हैं। उनके घर से भी करीब तीन लाख रुपये मूल्य के जेवरात चोरी होने की बात कही जा रही है। इसके अलावा ईश्वरी सिंह के घर समेत एक अन्य बंद मकान में भी चोरी की घटना हुई है। चोरों द्वारा घरों से सामान निकालकर बधार में फेंक दिया गया जहां से ग्रामीणों ने बिखरे सामान को बरामद किया। हालांकि कीमती जेवरात और अन्य मूल्यवान वस्तुएं गायब बताई जा रही है।

# गया में दो बालिकाओं को विधिवत दत्तक ग्रहण के तहत अभिभावकों को सौंपा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की उपस्थिति में विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए दो बालिकाओं को पूर्ण दत्तक ग्रहण के अंतर्गत उनके नए अभिभावकों को सौंपा गया। इनमें एक बालिका को पुणे (महाराष्ट्र) के दंपति तथा दूसरी बालिका को मुंगेर (बिहार) के दंपति को विधिवत दत्तक ग्रहण के लिए दिया गया। दत्तक ग्रहण की पूरी प्रक्रिया जिला प्रशासन की निगरानी में निर्धारित कानूनी प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराई गई। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई गया, बाल संरक्षण पदाधिकारी गया, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति गया तथा समन्वयक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान गया उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 तथा केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ पूरी की गई। बच्चों के सर्वोत्तम हित को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताओं का पालन सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर शशांक शुभंकर ने दत्तक ग्रहण करने वाले दोनों परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण न केवल बच्चों को सुरक्षित, स्नेहमय और पारिवारिक वातावरण प्रदान करता है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को भी मजबूत करता है।


**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,**
**(LWE) चिनिया, गढ़वा 822114**
Email:- principal.itichiniya@gmail.com

**नामाकंन सुचना**

निदशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त गढ़वा जिला के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) चिनिया, गढ़वा में शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन **(https://iti.Jharkhand.gov.in- Admission Tab)** आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।
सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) चिनिया, गढ़वा में निम्न व्यवसायों की प्रशिक्षण दी जा रही है।

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Wireman | 02 वर्ष | 20 | 10th |
| 02 | Fitter | 02 वर्ष | 20 | 10th |
| 03 | Surveyor | 02 वर्ष | 24 | 10th |

2. महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 01.06.2026 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 25.06.2026 **(5:00 PM)** |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाषन | 29.06.2026 **(12:00 PM)** |

3.डी0 जी0 टी0 के पत्रांक–DGT-MIS011/1/2026-00DIR DIR TC [77713], दिनांक–01/06/2026 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) चिनिया, गढ़वा में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैद्य मोबाईल नं0,ई–मेल आई0 डी0, एवं आधार नं0 आव''यक है तथा NTC उर्त्तीणता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0 जी0 टी0 का पत्र https://iti.**Jharkhand.gov.in** के **Download Section** के **Notification Tab** में देखा जा सकता है।
4.नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड आई0टी0आई0 **Web Portal (**https://iti.**Jharkhand.gov.in)** के **Download Section** के **Notification Tab** में देखा/**Download** किया जा सकता है।
5.किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु आई0टी0 आई0 मो0 नं0–8439242164 एवं 9603830313. से सम्पर्क किया जा सकता है।

**HELP DESK IN ITI CAMPUS**
**RAKESH THAKUR, COMPUTER OPERATOR**
**INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE, CHINIYA GARHWA**
**MOB- 7091507149**

**प्रभारी प्राचार्य**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) चिनिया,गढ़वा।**
**PR 382251 Labour Employment and Traning(26-27)D**



**कार्यालय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाटन**

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झाखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरतों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी हैं, जिसके अनुसार 25000.00 (पचीस हजार) रुपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती पंचायत समिति स्तर से की जाएगी। दिनांक 09.03.2024 को संपन्न पंचायत समिति, पाटन के बोर्ड की बैठक में पाटन प्रखण्ड अंतर्गत पचकेड़िया पंचायत स्थित घोरीघाट हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पंचायत स्तर से प्राप्त ग्राम सभा से अनुमोदित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। तदुपरांत घोरीघाट हाट की बंदोबस्ती हेतु डाक की न्यूनतम राशि निर्धारित की गयी है।

अतः एतद् द्वारा पाटन प्रखण्ड अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु ग्राम समिति/लाभुक समिति से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2026 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आनंदनगर घोरीघाट हाट बाजार | पाटन | 18.06.2026 | 03:00 अपराह्न तक | 70000.00 | 7000.00 |

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु नियम व शर्तें।**

1. हाट बाजार की बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से की जाएगी परंतु स्थानीय ग्राम समिति/लाभुक समिति द्वारा आवेदन अप्राप्ति की स्थिति में ही दूसरे पंचायत अथवा स्थल के प्रधिकारों/व्यक्तियों/समितियों के आवेदन पर विचार किया जायेगा। डाक हेतु न्यूनतम राशि निर्धारित है तथा सर्वोच्च डाकवक्ता को बंदोबस्ती का अधिकार प्राप्त होगा।
2. हाट बाजार की बंदोबस्ती हेतु इच्छुक आवेदक/ग्राम समिति/लाभुक समिति को दिनांक 18.06.2026 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो **प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायत समिति पाटन** के पदनाम से भुगतेय होगा तथा कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (पंचायत समिति), पाटन में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अग्रधन की राशि के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा।
4. हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी।
5. सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा। शेष राशि 1 या 2 किस्तों में डाक की तिथि के छः माह के अंदर प्रखण्ड विकास पदाधिकार–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायत समिति, पाटन के बैंक खाते में Account Transfer/RTGS/NEFT के माध्यम से दो दिनों के अंदर जमा करना आवश्यक होगा अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. बिना कारण बताये किसी भी डाक को अस्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार पंचायत समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
7. यदि सर्वोच्च डाक वक्ता निर्धारित समय तक डाक की राशि जमा नहीं करते हैं तो क्रमशः द्वितीय स्थान के डाक वक्ता से डाक की राशि जमा करा कर उनके साथ बंदोबस्ती कर दी जाएगी और प्रथम डाकवक्ता का दावा स्वतः रद्द मानते हुए अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी।
8. बंदोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को पंचायत समिति पाटन के नियम एवं शर्तों के अनुरूप प्रखण्ड निबंधन कार्यालय के माध्यम से एकरारनामा कराना होगा तथा इसके बाद ही वसूली हेतु प्राधिकार पत्र निर्गत किया जायेगा।
9. किसी भी विपरीत परिस्थिति यथा विधि व्यवस्था या जनहित के मुद्दे प्राप्त होने पर एकरारनामा रद्द करने का अधिकार पंचायत समिति पाटन को सुरक्षित रहेगा।
10. हाट बाजार स्थल से वाहनों की चोरी एवं क्षतिग्रस्त होने पर पंचायत समिति जिम्मेवार नहीं होगा।
11. हाट बाजार बंदोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को वसूली प्रारंभ करने से पूर्व दर तालिका का बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। वसूली में किसी भी प्रकार के अनियमितता पाए जाने पर एकतरफा निर्णय लिया जायेगा।
12. निर्धारित शर्त का उल्लंघन करने पर एकरारनामा रद्द किया जा सकता है।
13. इस आम सूचना में आंशिक/वृहत संशोधन अथवा इसे रद्द करने का अधिकार सचिव पंचायत समिति, पाटन के पास सुरक्षित रहेगा।
14. एकरारनामा करने के पश्चात ही विज्ञापन में उल्लेखित स्थल से हाल वसूली का अधिकार उच्चतम डाकवक्ता को दिया जायेगा।
15. बाजार स्थल की साफ–सफाई की व्यवस्था स्थल बंदोबस्तधारी को ही अपने व्यय पर करना होगा।
16. विज्ञापन में उल्लेखित स्थल की जमीन पर किसी प्रकार की स्थायी संरचना का निर्माण नहीं किया जायेगा। इसे सुनिश्चित करना बंदोबस्तधारी की जिम्मेवारी होगी।

**प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–**
**कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायत समिति,पाटन**

**PR 382201 District(26-27).D**

संपादकीय

## मोदी की कार्यशैली से आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बनना भी संभव

बतौर निर्वाचित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सबसे लंबे समय तक पीएम बने रहने का नया रिकॉर्ड बनाया है। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू चुनाव जीतकर कुल 4398 दिन प्रधानमंत्री रहे थे। मोदी ने बतौर पीएम 10 जून को 4399 दिन पूरे किए। हालांकि दोनों प्रधानमंत्रियों की यह तुलना अपूर्ण है, क्योंकि नेहरूजी निर्वाचित पीएम से पहले लगभग पांच साल तक देश के मनोनीत प्रधानमंत्री भी रहे थे। नेहरू के कार्यकाल का पूरा रिकॉर्ड लांघने के लिए मोदीजी को अभी पांच साल तक और इंतजार करना पड़ेगा। यानी मनोनीत पीएम का कार्यकाल जोड़ दिया जाए तो नेहरू का कुल कार्यकाल 6131 दिन का हो जाएगा। साथ ही इतने लंबे समय तक पीएम रहने वाले वो देश के पहले गैरकांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं और संघ की पाठशाला से आए दूसरे प्रधानमंत्री हैं। मोदीजी 75 साल की उम्र में भी पूरी तरह फिट हैं और अभी एक कार्यकाल और पूरा कर सकते हैं। लेकिन बात यहां केवल कार्यकाल के दिनों की ही नहीं है, मोदी देश के उन चुनिंदा प्रधानमंत्रियों में से हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में कई अहम और साहसिक फैसले लिए। उन्होंने न केवल भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कोर एजेंडा पूरा किया बल्कि देश को आगे ले जाने वाले कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। जिसकी वजह से भारत की और खुद मोदी की अलग अंतरराष्ट्रीय छवि बनी। इन फैसलों में उल्लेखनीय हैं डिजिटल इंडिया और यूपीआई क्रांति, 58 करोड़ जन धन खाते, इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विस्तार, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का खात्मा, आयुष्मान भारत के रूप में दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना, हर घर जल और पीएम आवास योजना, ग्रामीण जल जीवन मिश, पीएम आवास योजना, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और कड़ा रुख, स्वच्छ भारत मिशन और उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भार, उज्ज्वला योजना शामिल है। इनके अलावा अंतरिक्ष और रक्षा-तकनीक में ऐतिहासिक छलांग, जीएसटी और आर्थिक सुधारः वन नेशन, वन टैक्स तथा दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण अभियान भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अथक परिश्रम, लगातार सपने देखना और उन्हें पूरा करने के लिए हर संभव प्रयत्न करना, समयबद्ध काम करना तथा पेशेवर लोगों पर ज्यादा भरोसा करने के लिए जाने जाते थे। मोदी ने देश की राजनीति को भी बदल कर रख दिया है। आजादी के साठ साल बाद समूची राजनीतिक हिंदुत्व केन्द्रित हो गई है। अब कोई भी दल धर्मनिरपेक्षता के नाम पर बहुसंख्यक हिंदू समाज को अनदेखा नहीं कर सकता। कमतर नहीं आंक सकता। इस सदी के शुरू तक माना जाता था कि हिंदुत्व की राजनीति से दिल्ली में सत्ता हासिल नहीं की जा सकती। लेकिन मोदीजी ने इस मान्यता को उलट दिया है। अपनी कार्यशैली से उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि अब तुष्टीकरण का दौर नहीं चलेगा। देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने का संकल्प इसी दिशा में एक कदम है। देश में महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण भी मोदी सरकार की संकल्पशक्ति का ही प्रमाण है। इसमें दो राय नहीं कि कई लोग मोदी जी की सोच और कार्यशैली से इत्तफाक नहीं रखते वो भी मोदी के परिश्रम और विजन के कायल हैं। वैसे भी यदि भारत को 21वीं सदी में वैश्विक महाशक्ति बनना है तो उसे आर्थिक और सैनिक महाशक्ति भी बनना होगा। यह काम दमदार और विजनरी राजनीतिक नेतृत्व के बगैर संभव ही नहीं है। यही कारण है कि मोदीजी ने अपने कार्यकालों के कुछ सालों के बजाए भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने का जो महान लक्ष्य सामने रखा है, वो अवश्य पूरा होगा, इसमें संदेह नहीं रहना चाहिए।

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

**इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।**



**श्री सीपी राधाकृष्णन**

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

**परिवर्तनकारी नेतृत्व: 4,366 दिन और आगे:** श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।

इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा लखपति दीदियों का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि नारी शक्ति के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।



साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

विकास भी, विरासत भी- तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास

समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। विकास भी, विरासत भी÷ की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है।

उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी ÷विकास भी, विरासत भी÷ की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुडेक रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है।

इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं।भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है।इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने ÷एक मानवता÷ के नेक विचार को अपनाया था। ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है।

काशी-तमिल संगमम और सौराष्ट्र-तमिल संगमम जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है।प्रधानमंत्री मोदी जी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

**निष्कर्ष:** हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को युग पुरुष के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे युग पुरुष के रूप में उभरे हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को विकसित भारत ञ्च 2047 की ओर ले जाएगा।

**(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)**

# फाइबर अर्थव्यवस्था: भारत का अगला बड़ा वैश्विक अवसर



**गिरिराज सिंह**

फाइबर के साथ भारत का 5,000 बरस पुराना सभ्यतागत संबंध है, जो हमारे गाँवों, परंपराओं तथा सामूहिक पहचान में गहराई से गुँथा है। ÷बुनी हुई हवा÷ कहलाने वाली मोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकर समस?त महाद्वीपों तक फैली भारतीय कारीगरी तक – फाइबर हमेशा से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज, जब दुनिया वैश्विक स्थिरता की क्रांति की कगार पर खड़ी है, तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है।

दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक – यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।

न्यू एज फाइबर ऐसे टिकाऊ एवं पौधों-आधारित पदार्थ हैं, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ते हैं। बांस, भाँग, केला, पीएएलएफ, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, मिल्कवीड और कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, लेकिन अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोज़िट्स और प्रीमियम उत्पादों में उच्च-मूल्य उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्य के लिए भारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तार कर रहे हैं।

बढ़ती आय, वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएँ और ट्रेसेबल सोर्सिंग की आवश्यकताएँ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को पूरी तरह बदल रही हैं और एक नई फाइबर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं। उपभोक्ता अब अपने पहनने के कपड़ों में आराम, पसीना सोखने की क्षमता या ब्रीदेबिलिटी और टिकाऊपन चाहते हैं। यही महत?वपूर्ण बदलाव भारत में फाइबर की खपत को आज के 15 एमएमटी से बढ़ाकर 2030 तक 23 एमएमटी तक ले जाने वाला है। दुनिया अब तेजी से वही तलाश रही है, जिसे भारत प्रदान कर सकता है - नैतिक, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर, जो सदियों के अनुभव पर आधारित हैं।

इस विजन को एक स्पष्ट संस्थागत एवं नीतिगत ढाँचे का समर्थन प्राप्त है। वर्ष 2026ङ्क2031 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाले ÷मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी÷ के अंतर्गत न्यू एज फाइबर्स के लिए 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए, केंद्रीय बजट 2026ङ्क27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन एक व्यापक रणनीतिक ढाँचा प्रदान करता है, जो चार प्रमुख स्तंभों - कृषि-सूत्र- खेती और कच्चे माल के विकास के लिए, इन्फिनिटी-अनुसंधान एवं नवाचार के लिए, ग्राम-सेतु - अवसंरचना और उद्यम सृजन के लिए, तथा जीएमपीएस- ब्रांडिंग और बाज़ार विकास के लिए - पर आधारित है।

इस नीतिगत ढाँचे की शक्ति दशकों से जारी वैज्ञानिक अनुसंधान में निहित है, जिसे ठोस परिणाम पहले से ही सामने आ चुके हैं। मिल्कवीड (आक/मदार) जिसे पारंपरिक रूप से भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (एनआईटीआरए) में 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी के तौर पर सामने आया है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर ङ्क20एष्ट तापमान में कार्यरत सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये स्लीपिंग बैग अपने पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10त्न हल्के, ऊन से अधिक गर्म तथा सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 55 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर यह पौधा किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 1.5ङ्क2 लाख रुपये तक की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है।

केले का फाइबर प्रतिवर्ष लगभग 1.8 मिलियन टन उत्पादन की क्षमता रखता है और कृषि अवशेषों से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की क्षमता रखता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए बड़े अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भाँग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाज़ार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जिसकी खेती की पहले से ही अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेमी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ एवं प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं।

इस वैज्ञानिक गति को आगे बढ़ाते हुए,न्यू एज फाइबर्स पर राष्ट्रीय सेमिनार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा, जहाँ विज्ञान, नीति और उद्यम एक साथ आ सके। इसने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, किसान संगठनों, उद्योग जगत के दिग?गजों और नीति-निर्माताओं को एक ही मंच पर एकत्रित किया। सभी दस प्राथमिकता प्राप्त फाइबर्स को कवर करने वाले तीन कार्य बलों की रिपोर्टें जारी की गईं, जिन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान को सीधे योजनाओं के डिज़ाइन और निवेश की प्राथमिकताओं में बदल दिया।

इस सेमिनार ने मानकों, प्रसंस्करण अवसंरचना और संस्थागत वित्तपोषण में मौजूद खामियों की भी स्पष्ट रूप से पहचान की , जो एक ऐसे मिशन को दर्शाता है जो केवल नीति नहीं, बल्कि वास्तविक क्रियान्वयन पर केंद्रित है। इसमें प्रमुख प्राथमिकताएँ- उत्पादन को पाँच वर्षों में 10,000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 10 लाख मीट्रिक टन तक पहुँचाना, गुणवत्ता मानकों का विकास करना, मशीनरी के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना, आयातित प्रसंस्करण तकनीक पर निर्भरता कम करना और खेती से लेकर मूल्य संवर्धन तक क्लस्टर आधारित फाइबर इकोसिस्टम का निर्माण करना सामने आईं। ये सभी कदम मिलकर न्यू एज फाइबर्स को ग्रामीण समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मिशन बनाते हैं।

शायद सबसे परिवर्तनकारी कार्य फाइबर ब्लेंडिंग है। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उन्हें समझदारी से संयोजित करने में निहित है—जैसे थर्मल हल्केपन के लिए मिल्कवीड, गर्माहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस, और कोमलता के लिए कपास। मिश्रित कपड़ा या ब्लेंडेड फैब्रिक कोई समझौता नहीं है; यह प्रदर्शन को उन्नत बनाना है - ऐसे कपड़े तैयार करना जो अधिक मजबूत, अधिक स्मार्ट और अधिक टिकाऊ हों, साथ ही बेहतर आराम, नमी सोखने की क्षमता, टिकाऊपन तथा फैशन, जीवनशैली और तकनीकी वस्त्रों में बहुपयोगिता प्रदान करें।

इसके लाभ पूरी मूल्य श्रृंखला में फैलते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और कार्यक्षमता मिलती है, निर्माताओं को प्रीमियम और विशिष्ट उत्पाद विकसित करने का अवसर मिलता है, और किसानों को विविध प्रकार की मांग तथा अधिक मजबूत आय प्राप्त होती है। भारत के लिए, ब्लेंडिंग या मिश्रण केवल एक तकनीकी नवाचार भर नहीं है; यह कच्चे फाइबर आपूर्ति से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, मूल्य-संवर्धित और भारतीय पहचान से जुड़े ब्रांड्स तक पहुँचने का एक सेतु है।

असल में, न्यू एज फाइबर मुहिम जीवन को रूपांतरित करने, किसानों के लिए अवसर सृजित करने, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सशक्त करने और उद्यमियों को स्थानीय संसाधनों से वैश्विक व्यवसाय खड़ा करने में सक्षम बनाने के बारे में है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी के 5एफ विज़न—खेत से फाइबर, कपड़े से फैशन और विदेश तक—से प्रेरित, भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है, और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत जो कर रहा है—फाइबर दर फाइबर, मिश्रण दर मिश्रण, क्षेत्र दर क्षेत्र, और खेत दर खेत—अपनी वस्त्र गाथा का अगला महान अध्याय लिख रहा है।

*****

**(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
परिवार में लोगों के बीच कलह की भावना हो सकती है। महँगी वस्तुओं की खरीदारी में धन का अपव्यय हो सकता है। पीठ में दर्द उभरने की आशंका है।

**वृषभ**
व्यायाम को अपनी जीवनशैली में सम्मिलित करें। अटके हुये काम शुरू करने में सफलता मिलेगी। उदार चित के कारण लोगों की सहायता के लिये तत्पर रहेंगे।

**मिथुन**
परिजनों से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। आज आपको परिश्रम का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। घर के नवीनीकरण को लेकर योजना बनायेंगे।

**कर्क**
व्यापार को लेकर आप प्रयोग कर सकते हैं। घर के लोगों को समय अवश्य दें। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मानसिक रूप से कुछ दबाव महसूस करेंगे।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा हो सकती है। वैवाहिक सम्बन्ध काफी अच्छे रहेंगे। बेरोजगार लोगों की नौकरी लगने के अच्छे योग बन रहे हैं।

**कन्या**
आपके स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। दूसरों के भरोसे रहना उचित नहीं है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतरीन रहेगा। सम्पत्ति को लेकर अनुबन्ध कर सकते हैं।

**तुला**
अपने कार्यों को लेकर अत्यधिक सावधान रहेंगे। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिन्ता रहेगी। मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
उच्च शिक्षा में छात्रों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद दूर होंगे।

**धनु**
आप सूझबूझ से विवादों का समाधान कर लें, तो बेहतर होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी जागरूकता रखें। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। आक्रामक रवैये से आपको बचना चाहिये।

**मकर**
आप लोगों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। रिश्तेदारों का घर में आगमन हो सकता है। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। धार्मिक कार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कुंभ**
आयात-निर्यात सम्बन्धी व्यवसाय से उत्तम धन लाभ होगा। काम के प्रति उत्साह भाव बढ़ेगा। यात्रा अत्यन्त मनोरञ्जक रहेगी। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत रखें।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में व्यापक परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दोपहर के बाद आपकी परिस्थितियाँ काफी अच्छी रहने वाली हैं। मित्र-सम्बन्धी आपसे मिलने घर आ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पॉकेटमारों का आतंक, 4 लोगों की जेब से 57 हजार उड़ाए

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी कार्यालय प्रांगण में 10 जून 2026 को आयोजित योगासन के विश्व विजेता डॉ.दिलिप कुमार के स्वागत समारोह में पॉकेटमारों ने जमकर हाथ साफ किया। कार्यक्रम के दौरान अज्ञात पॉकेटमार ने 4 लोगों की जेब से कुल 57,200 रुपये उड़ा लिए। पूरी वारदात उउळश कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इब्राहीमपुर, सैनीया, थाना भगवानगंज निवासी विष्टू कुमार, पिता जेवहमाल सिंह ने पुलिस को आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार, 10 जून को शाम करीब 4:30 बजे वे नगर परिषद कार्यालय में स्वागत समारोह में शामिल थे। तभी अज्ञात पॉकेटमार ने उनके फुलपैंट की जेब से 3,700 रुपये निकाल लिए। पॉकेटमार ने नगर परिषद मसौढ़ी के टैक्स दारोगा अंजनी कुमार गौतम की जेब से 20,500 रुपये, अमीन रामाधार कुमार की जेब से 23,000 रुपये और शंभू कुमार की जेब से 10,000 रुपये पार कर दिए।विष्टू कुमार ने आवेदन में बताया कि पॉकेटमार का चेहरा उउळश फुटेज में स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। लेकिन उसका नाम-पता मालूम नहीं है।पीड़ितों ने थाना में आवेदन देकर उउळश फुटेज के आधार पर अज्ञात पॉकेटमार की पहचान कर गिरफ्तारी और रकम बरामदगी की मांग की है। थाना प्रभारी इंचार्ज ने बताया कि आवेदन मिला है। उउळश फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपी की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक कार्यक्रमों में भीड़ का फायदा उठाकर पॉकेटमारी की घटनाएं बढ़ी हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### ओमप्रकाश यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ के पभेड़ी मोड़ निवासी भाजपा के सीनियर नेता ओमप्रकाश यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी मिली है। फोन करने वाले ने खुद को बजरंगी सिंह बताते हुए 24 घंटे में या कभी भी परिवार समेत मारने की चेतावनी दी है। धमकी बंगाल चुनाव में प्रचार करने को लेकर दी गई है। मामले को लेकर नेता ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर त्र्क्रक्र दर्ज करने और सुरक्षा की मांग की है। ओमप्रकाश यादव, पिता- स्व. राम जतन प्रसाद पिछले करीब 20 वर्षो से भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि दिनांक 11/06/2026 को रात 10:57 बजे उनके मोबाइल नं पर 7091952686 नंबर से कॉल आया। जहाँ कॉलर ने कहा ओमप्रकाश यादव बोल रहे हो? पहचान लिया। तुम बंगाल चुनाव प्रचार करने गए थे। मैं लॉरेंस बिश्नोई गैंग का आदमी बोल रहा हूँ। मेरा नाम बजरंगी सिंह है। अगर बंगाल में प्रचार बंद नहीं किया तो तुझे और तेरे परिवार को 24 घंटे में या कभी भी मार देंगे।धमकी के बाद ओमप्रकाश यादव और उनका परिवार दहशत में है। उन्होंने आवेदन में अपनी और परिवार की जान को खतरा बताया है।धनरुआ थाने को दिए आवेदन में ओमप्रकाश ने मोबाइल नंबर 7091952686 के धारक पर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिला है। कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। धमकी देने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कनेक्शन की भी जांच हो रही है।फिलहाल पुलिस ने नेता की सुरक्षा बढ़ाने का भरोसा दिया है। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से पहले भी कई नेताओं और कारोबारियों को धमकी मिल चुकी है।

### प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को खेत बचाओ अभियान के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कर्मशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़ के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन स्विथानीय विधायक, डॉङ्क सियाराम सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष, बाढ़ शैलेन्द्र प्रसाद, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, डॉ रीता सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, पटना बृजेन्द्र मणि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वागत भाषण में केन्द्र की वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रक्षेत्र में चल रहे प्राकृतिक खेती, जैविक खेती एवं बीज उत्पादन की जानकारी उपस्थित कृषकों को दी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे भी प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ें जिसके लिए कृशि विज्ञान केन्द्र में प्रशिक्षण की व्यवस्था निःशुल्क की जायेगी। माननीय विधायक, बाढ़ ने अपने संबोधन में माननीय प्रधानमंत्री के इस संकल्प को दोहराया की हमें प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ना है तथा रासायनिक उर्वरकों की खपत कम करनी है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के इस संकल्प को भी दोहराया कि अपने खेती के कुल रकवा का 25 प्रतिशत में इस वर्ष से प्राकृतिक खेती खेती करें। कार्यक्रम संयोजक राजेश सिंह राजू ने किसानों को केन्द्र एवं राज्य द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी, प्रखंड कृषि कार्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से प्राप्त करने की सलाह दी एवं उससे लाभ लेने का आह्वाहन किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी किसानों को भाग लेने की सलाह दी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यो की सराहना की। तकनीकी सत्र में केन्द्र के वैज्ञानिक राजीव कुमार ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी दी एवं खेतों में हरी खाद का उपयोग कर हम कैसे रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर अच्छी उपज ले सकते हैं पर भी जानकारी दी। उन्होंने मृदा स्वास्थ प्रबंधन के विभिन्न तरीकों पर विस्तार पूर्वक बतलाया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ पुष्पम पटेल ने उद्यानीक फसलों में प्राकृतिक खेती कैसे करें विषय पर विस्तृत जानकारी कृषकों को दी।

### दिन दहाड़े महिला को बंधक बनाकर लाखों की लूट

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर थाना के हथियाकांध में दिनदहाड़े लुटेरों ने महिला को बंधक बनाकर नकद समेत लाखों रुपए के जेवरात ले उड़े। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। इस संबंध में गृहस्वामी के पुत्र रविंद्र साव ने लिखित शिकायत दर्ज की है। रविंद्र साव अपने पिता रामबाबू साव के साथ काम करने सुबह निकल गए थे। दोनों राज मिस्त्री के साथ काम करते हैं। घर में मां गीता देवी अकेली थी। अपराह्न में जब लौटे तो दरवाजा बंद था। किवाड़ बजाएं पर कोई आवाज नहीं आया। फिर दूसरी तरफ से जाकर अंदर गए। तो सारा सामान बिखरा मिला। उन्होंने बताया कि बाइक से तीन चार लड़के आए थे। दरवाजे पर बैठी मां से पानी पिलाने को कही। जिस पर मां पानी लाने अंदर गई, तभी दो बदमाश अंदर घुस गए और पिस्तौल के बल पर मां को बंधक बना लिया। लुंगी से मुंह बांध दिया। फिर सारे बक्सा आदि तोड़कर उसमें रखा चार लाख रुपया एवं जेवरात लेकर भाग निकले। रवींद्र ने बताया कि जमीन के लिए बच्ची ने पैसा भेजा था। जो घर में रखे थे। वो सब चोर ले भागे। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि हथियारकांध में चोरों ने चोरी घटना का अंजाम दिया है। मामले की छानबीन में की जा रही है।

### 539 लीटर शराब के साथ पिकअप चालक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में शराबबंदी के बीच मोकामा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। वाहन से देशी कट्टा और कारतूस भी बरामद हुए हैं।वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर चल रहे अभियान में गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बाढ़-1 राम कृष्णा को गुप्त सूचना मिली। सूचना के आधार पर मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सिखाडीचक, पुराना एन एच-30 पर वाहन चेकिंग शुरू की।चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से 539.625 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। साथ ही चालक की सीट के बगल से एक देशी कट्टा और गोली भी मिली।गिरफ्तार पिकअप चालक की पहचान गौरव कुमार, पिता गणेश झा, निवासी बड़हिया महरानी, थाना बड़हिया, जिला लखीसराय के रूप में हुई है।पुलिस इस कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।टीम में पु.अ.नि. अवनीश कुमार सिंह, पु.अ.नि. राजेश कुमार, सिपाही पंकज कुमार और सिपाही चंदन कुमार शामिल थे।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार यह शराब की बड़ी खेप लखीसराय से मोकामा स्टेशन लायी जा रही थी।यह शराब का बड़ा तस्कर गिरोह है जो हथियार के बल पर शराब की तस्करी करता है।



# रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल ने रचा नया इतिहास

## 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी पूरी, पूर्वी भारत की पहली टेलीसर्जरी से चिकित्सा क्षेत्र में नई क्रांति





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर ली हैं। यह उपलब्धि बिहार और झारखंड में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रुबन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 1996 में अपनी स्थापना के समय से ही रुबन का उद्देश्य बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर मूल्य संवर्धन करना रहा है। इसी सोच के तहत बिहार और झारखंड में पहली बार लिथोट्रिप्सी (बिना चीरा लगाए पथरी का उपचार) जैसी आधुनिक तकनीक की शुरूआत की गई थी। इसके बाद अस्पताल ने राज्य के युवा चिकित्सकों को नवीनतम तकनीकों के साथ काम करने का अवसर प्रदान करते हुए चिकित्सा सेवाओं को लगातार नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इसी क्रम में रुबन ने बिहार एवं झारखंड में पहली बार एब्डॉमिनल (पेट संबंधी) रोबोटिक सर्जरी और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की शुरूआत की। आज 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी पूरी होना इस तकनीक की सफलता और मरीजों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। डॉ. सिंह ने बताया कि दुनिया के विकसित देशों में रोबोटिक सर्जरी पिछले दो दशकों से उपलब्ध है, लेकिन इसकी अत्यधिक लागत के कारण यह आम मरीजों की पहुंच से बाहर थी। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव की पहल पर विकसित मेड इन इंडिया एस एस आई मंत्रा सर्जिकल रोबोट ने इस स्थिति को बदल दिया है। यह अत्याधुनिक तकनीक अब न केवल भारत बल्कि ग्लोबल साउथ के देशों में भी मध्यम वर्गीय मरीजों के लिए रोबोटिक सर्जरी को किफायती बना रही है। रुबन हॉस्पिटल में एस एस आई रोबोट की सहायता से किडनी, लिवर, पित्ताशय (गॉलब्लैडर), स्प्लीन, हर्निया, हिस्टेरेक्टॉमी तथा विभिन्न प्रकार के कैंसर ऑपरेशन नियमित रूप से किए जा रहे हैं। अस्पताल के अनुभवी यूरोलॉजिस्ट, जनरल सर्जन, गायनेकोलॉजिस्ट एवं ऑन्को सर्जन इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं। रुबन ने हाल ही में पूर्वी भारत की पहली टेलीसर्जरी रुबन हॉस्पिटल में दिल्ली में मौजूद वरिष्ठ ऑन्को-यूरोलॉजिस्ट डॉ. अमिताभ द्वारा लगभग 1000 किलोमीटर दूर से रोबोटिक सर्जरी का संचालन किया गया। हाल ही में इसी तकनीक के माध्यम से गुयाना के जॉर्जटाउन से भारत के इंदौर तक लगभग 20,000 किलोमीटर की दूरी पर तीन सफल सर्जरी, जिनमें एक कार्डियक सर्जरी भी शामिल थी, संपन्न की गईं। रोबोटिक सर्जरी के लाभों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि जिस प्रकार लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ने पारंपरिक ओपन सर्जरी का स्थान लिया, उसी प्रकार आने वाले समय में रोबोटिक सर्जरी लैप्रोस्कोपिक सर्जरी का स्थान लेगी। इसकी 3डी हाई डेफिनिशन विजन तकनीक अंगों, नसों और रक्त वाहिकाओं को अत्यधिक स्पष्टता से दिखाती है, जिससे सर्जरी अधिक सटीक होती है और रक्तस्राव कम होता है। रोबोटिक आर्म्स की 360 डिग्री गतिशीलता शरीर के सबसे संकरे हिस्सों तक आसानी से पहुंचती है तथा लंबे समय तक ऑपरेशन के दौरान भी उनमें किसी प्रकार की थकान या कंपन नहीं होता, जिससे ऑपरेशन की गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों बेहतर होती हैं। रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल वर्तमान में बिहार का एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहां दो प्रकार के रोबोटिक सिस्टम उपलब्ध हैं-एक एब्डॉमिनल सर्जरी के लिए और दूसरा जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए। साथ ही यहां किडनी ट्रांसप्लांट और लिवर ट्रांसप्लांट जैसी जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा रही हैं। डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को बिहार में लाकर, देश-विदेश में प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉक्टरों को मंच प्रदान कर तथा विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के अपने संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

## मशरूम उद्यमिता प्रशिक्षण एवं स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य कल्याण गतिविधियां आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में शुक्रवार को जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं उद्यमिता विकास विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवम लोक भवन एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए संचालित 30 घंटे के अनिवार्य स्वयंसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मशरूम उत्पादन एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि मशरूम उत्पादन वर्तमान समय में स्वरोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। यह मीक्रोबायोलॉजी तथा सर्कुलर इकोनामी की अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप प्रदान करता है, जिसमें कृषि एवं जैविक अपशिष्टों का पुनः उपयोग कर कम लागत में उत्पादन किया जाता है। उन्होंने कहा कि मात्र एक हजार से पांच हजार रुपये के निवेश से मशरूम आधारित उद्यम प्रारंभ किया जा सकता है, जो युवाओं और महिलाओं के लिए एक कॉस्ट इफेक्टिव हो सकता है।उन्होंने मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पादों जैसे मशरूम पनीर, मशरूम बिस्कुट, मशरूम अचार तथा मशरूम चिली की बढ़ती मांग का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इनके निर्माण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन की तकनीकों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इससे स्वरोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर विकसित होंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम के आयोजक एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भूषण कुमार ने मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण, मूल्य संवर्धन तथा बाजार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी क्रम में स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिम, योग, खेल एवं स्वास्थ्य कल्याण गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही एक सफल, जागरूक और सशक्त व्यक्तित्व की आधारशिला है।

## टी सी एच एडूसर्व ने बोरिंग रोड में नए परिसर एवं मोबाइल ऐप का किया शुभारंभ



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी नौकरी की तैयारी कराने वाली अग्रणी शैक्षणिक संस्था टी सी एच एडूसर्व ने पटना के बोरिंग रोड स्थित अपने नए परिसर का शुभारंभ किया। संस्था के निदेशक सौरव झा ने फीता काटकर नए कैंपस का उद्घाटन किया तथा संस्था के बहुप्रतीक्षित टी सी एच एडूसर्व ऐप का भी औपचारिक लॉन्च किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक सौरव झा ने कहा कि बदलते समय के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक सुलभ बनाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से टी सी एच ऐप लॉन्च किया गया है, जिससे दूर-दराज के विद्यार्थी तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी घर बैठे अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि टी सी एच एडूसर्व पिछले छह वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और संस्था के हजारों विद्यार्थी विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपने सपनों को साकार कर चुके हैं। नया परिसर और डिजिटल प्लेटफॉर्म छात्रों को आधुनिक सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाओं तथा बेहतर मार्गदर्शन का लाभ प्रदान करेगा। संस्था में एस एस सी, रेलवे, बैंकिंग, बी पी एस सी, टी आर ई, सी टी ई टी, एस टी ई टी सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है जिसका उद्देश्य बिहार सहित पूरे देश के विद्यार्थियों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया तथा संस्था की नई पहल की सराहना की। संस्था से संबंधित अधिक जानकारी के लिए टी सी एच एडूसर्व की शाखा अथवा मोबाइल नंबर 9835813365 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सरथुआ में विशेष भूमि सर्वेक्षण जारी, बदलेंगे बिहार के राजस्व नक्शे, प्लॉट 1 से 250 तक का मैपिंग कार्य पूरा



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार द्वारा शुरू किए गए विशेष भूमि सर्वेक्षण अभियान के तहत खरभैया पंचायत के राजस्व ग्राम सरथुआ में राजस्व रिकॉर्ड की दशकों पुरानी उलझनें अब सुलझने लगी हैं।थाना संख्या 83 के अंतर्गत अब तक प्लॉट संख्या 1 से 250 तक का जमीनी मापन और सीमांकन पूरा कर लिया गया है। दनियावां अंचल द्वारा प्रतिनियुक्ति अमीन लालकृष्ण सिंह, कानूनगो अंबिका कुमारी और पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सह वार्ड सदस्य शम्भू कुमार की देखरेख में सर्वे टीम खेत-खेत पहुंचकर नक्शा, कब्जा, खेसरा और जमाबंदी का मिलान कर रही है। शुक्रवार को 50 से अधिक रैयत किसान अपने-अपने खेतों पर मौजूद रहे और सर्वे प्रक्रिया में सहयोग किया। एडवोकेट शम्भू कुमार ने बताया कि लैंड सर्वे से जमीन की सटीक माप होती है। सरकार को भूमि रिकॉर्ड को पूरी तरह से डिजिटल और अपडेटेड करने में सुविधा होती है। इससे जमाबंदी, खेसरा और रकबे में पारदर्शिता आएगी और किसानों को नामांतरण, रजिस्ट्री तथा किसान योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। अमीन लालकृष्ण सिंह ने कहा कि स्पष्ट व सटीक सीमांकन से जमीन का वास्तविक क्षेत्रफल, आकार और चारों दिशाओं की सीमाएं यानी मेड़ साफ हो जाती हैं। इससे पड़ोसी के साथ अतिक्रमण और भूमि विवाद की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। सरकार की योजना इस मैपिंग और सर्वे के बाद नए प्लॉट नंबर जारी करने की है, ताकि जमाबंदी और नक्शे में जो गड़बड़ी सालों से चली आ रही है, वो दूर हो सके। राजस्व विभाग का कहना है कि सरथुआ के बाद सर्वे का दायरा धीरे-धीरे पूरे महाल में बढ़ाया जाएगा। स्थानीय किसान हेमलता सिन्हा, सतीश कुमार,उमेश प्रसाद,शम्भू केशरी,मंटू कुमार(शिक्षक), ने कहा कि पुश्तैनी जमीन को लेकर परिवार में कई बार विवाद हो जाता था।

## मसौढ़ी में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर अपराधियों का हमला

### थाना प्रभारी इंचार्ज और दरोगा को लगी गोली



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार शाम मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मनीचक मोहल्ले में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर अपराधियों ने हमला कर दिया। ताबड़तोड़ फायरिंग में मसौढ़ी थाना प्रभारी इंचार्ज राहुल कुमार और दरोगा संजय कुमार गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि मनी चक मोहल्ले में कुछ अपराधी एक युवक को हथियार के बल पर मारपीट कर रहे हैं और हत्या की नीयत से हमला कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मनीचक तालाब घाट के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली चलानी शुरू कर दी। फायरिंग में थाना प्रभारी इंचार्ज राहुल कुमार के पैर में गोली लगी, जबकि दरोगा संजय कुमार के हाथ में गोली लगी है। दोनों जख्मी पुलिसकर्मियों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दरोगा संजय कुमार को अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में भर्ती कराया गया है, वहीं थाना प्रभारी राहुल कुमार की हालत गंभीर होने पर उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है।घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मनी चक पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर छानबीन शुरू कर दी। डीएसपी कन्हैया कुमार भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। दिनदहाड़े पुलिस टीम पर हमले से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार की शाम को मारुति 800 से कुछ अपराधी एक युवक को जबरन अगवा कर मणीचक तालाब घाट के पास ले गए और उसे मारपीट कर रहे थे इसी दरमियान पुलिस को सूचना दी गई थी पुलिस जब पूरी टीम के साथ आई तो पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया था जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरींग की हालांकि कई राउंड गोली चलने की खबर है फिलहाल पुलिस उन अपराधियों को खोजबीन करने में जुटी है पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## भारतीय मानक ब्यूरो शाखा कार्यालय द्वारा उपभोक्ता जागरूकता एवं ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), पटना शाखा कार्यालय द्वारा दिनांक 12 जून 2026 को होटल आनंद लोक, दुर्गावती, कैमूर (बिहार) में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं एवं ज्वैलर्स सहित कुल 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बीआईएस के उप निदेशक (वैज्ञानिक-सी) हिमांशु कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बीआईएस की विभिन्न योजनाओं, ज्वैलर्स हेतु बीआईएस पंजीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया, नियमों एवं हालमार्किंग योजना में किए गए नवीनतम परिवर्तनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ज्वैलर्स को गुणवत्ता चिह्नों, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं तथा बीआईएस के प्रावधानों के अंतर्गत लागू दंडात्मक प्रावधानों से भी अवगत कराया। साथ ही उन्होंने उपभोक्ता विश्वास एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानकों के अनुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बीआईएस केयर ऐप के उपयोग के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि इसके माध्यम से गुणवत्ता चिह्नों एवं हालमार्कयुक्त उत्पादों की प्रामाणिकता की जांच की जा सकती है। साथ ही बीआईएस प्रमाणित उत्पादों की वास्तविकता का सत्यापन भी किया जा सकता है। उनके संबोधन से उपभोक्ताओं एवं ज्वैलर्स के बीच गुणवत्ता आश्वासन, मानकों के अनुपालन तथा मानक चिह्नित उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं संचालन श्री प्रशांत तिवारी, एसपीओ द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कैमूर स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने का अनुरोध किया।

# मसौढ़ी में शारदीय खरीफ महा अभियान के तहत खेत बचाओ अभियान शुरू



### किसानों को दी गई जैविक खेती की ट्रेनिंग





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय खरीफ महा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मसौढ़ी प्रखंड कृषि मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम और खेत बचाओ अभियान का उद्घाटन किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण ह्यआत्माह्ल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष पिंटू सिंह,प्रखंड प्रमुख सद्दाम हुसैन, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर साह और बीडीओ प्रभाकर कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दौरान मुखिया पिंकू सिंह, मुखिया रवि प्रकाश, कृषि विशेषज्ञ नवीन कुमार सिंह, जीविका बीपीएम प्रभारी युसूफ सिद्दीकी, आदि उपस्थित रहे प्रशिक्षण के मौके पर किसानों को खेत बचाओ अभियान, जैविक खेती, मोटे अनाज की खेती और वैज्ञानिक खेती समेत कई विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने कम लागत में ज्यादा उत्पादन, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और कीटनाशकों के सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी दी। इस मौके पर आसपास के गांवों से सैकड़ों किसान पहुंचे। किसानों ने खरीफ फसलों की नई तकनीक, बीज उपचार, जल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने बताया कि खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य किसानों को फसल सुरक्षा, मिट्टी स्वास्थ्य और टिकाऊ खेती के लिए जागरूक करना है। जैविक खेती और मोटे अनाज को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी पंचायत के कृषि सलाहकार, कृषि समन्वयक भी मौजूद रहे। मौके पर जदयू बिस सूत्री के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, किसान समनवक विजय कुमार, किसान सलाहकार रंजीत पटेल, रविकांत, मदन प्रसाद, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, रेणु कुमारी समेत पंचायत से किसान सलाहकार एवं किसान शामिल रहे। कृषि विशेषज्ञ नवीन कुमार सिह ने बताया कि खरीफ फसल की बुवाई का समय निकट है। बदलते मौसम के अनुरूप धान की सीधी बुवाई करने से लागत कम होगी और समय की बचत होगी। उन्होंने ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई विधियों के उपयोग पर भी जोर दिया, जिससे जल का संतुलित उपयोग सुनिश्चित हो सके। जैविक खेती के लिए ढैंचा, मूंग और पराली जैसे अपशिष्टों से खाद बनाने की विधि भी बताई गई, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो सकती है। वहीं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार साह और प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने किसानों को'खेती बचाओ अभियान' से जुड़ने का आह्वान किया, उन्होंने मृदा कार्ड के अनुसार मिट्टी की गुणवत्ता के अनुकूल फसल की बुवाई और पैदावार पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।कृषि समन्वयक विजय कुमार ने जीरो टिलेज तकनीक के फायदे बताए, जिसमें जुताई की आवश्यकता नहीं होती, जिससे लागत और समय दोनों की बचत होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों को चिंता मुक्त जीवन जीने के उपाय बताए गए

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना में 'फ्रॉम वरी टू वेलनेस' विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्राणिक हीलर एवं प्रशिक्षक नेहा टाटिया थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. मनोज सिंह एवं कॉलेज इंचार्ज डॉ. पुष्पेंद्र कुमार सिंह द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुआ। अपने व्याख्यान में नेहा टाटिया ने मानव शरीर में विद्यमान ऊर्जा, सकारात्मक एवं नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव, आभामंडल (ऑरा) तथा जीवन में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ध्यान, श्वास-प्रश्वास एवं विभिन्न व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को ऊर्जा का अनुभव कराया। उन्होंने चिंता के कारणों तथा उससे मुक्ति के उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि हमारे विचार, शब्द, कर्म, जागरूकता एवं दूसरों के प्रति व्यवहार मानसिक शांति एवं संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शरीर के विभिन्न चक्रों (चक्रा) की जानकारी देते हुए उन्हें सक्रिय करने की विधियां भी बताईं। साथ ही एब्डॉमिनल ब्रीदिंग (उदरीय श्वसन) के लाभों पर प्रकाश डालते हुए इसे तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में उपयोगी बताया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. पल्लव शेखर ने छात्रों से कार्यक्रम में बताए गए उपायों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



### ग्रामरक्षा दल के प्रशिक्षण को लेकर हुई बैठक

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्राम रक्षा दल के कर्मियों को प्रशिक्षित करने को लेकर एक आवश्यक बैठक कुरेठा पंचायत भवन में आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता ग्राम रक्षा दल के जिला अध्यक्ष भारती सिंह ने किया। इस अवसर पर पंचायत के ग्राम रक्षा दल ने बैठक में भाग लेते हुए अपनी बातों को भी जिला अध्यक्ष के सामने रखा। जिलाध्यक्ष भारती सिंह ने कहा कि ग्राम रक्षा दल के प्रशिक्षित होने से उन्हें सरकारी कार्यो में सहयोग करने का मौका मिलेगा और साथ ही सरकारी स्तर पर भी सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम रक्षा दल को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है इसको लेकर जल्द ही तिथि की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर पंचायत के मुखिया अवधेश यादव सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### आदापुर रेलवे परिसर को कराया गया अतिक्रमण से मुक्त

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल सीतामढी रेल खंड के आदापुर स्टेशन के रेलवे परिक्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया,इस अतिक्रमित भूमि पर वर्षो से खसी मुर्गा मुर्गी की मांस बेचा जाता था,जिसे शुक्रवार के दिन सुबह से ही आरपीएफ के जवान व जीआरपी संयुक्त रुप से कारवाई कर चबुतरा सहित झोपड़ी को उखाड़ कर फेंका गया, रेलवे के इस जमीन पर पहले भी कई बार अतिक्रमण से मुक्त कराया गया लेकिन रेलवे प्रशासन के कमी कहे या लापरवाही फिर दुकान सज जाता है, मांस की दुकानें हटने से लोगों में खुशी है,कुछ लोगों ने बताया कि रेलवे प्रशासन के द्वारा मासिक चन्दा वसूली होती है,मीट की दुकानें हटने के बाद भी रिक्शा चालक,छोटी मोटी दुकानें,मछली की दुकानें अभी भी लगी हुई है, नवबिहार टाईम्स अखबार में प्राथमिकता के साथ छापीं गई थी जिसके बाद कार्रवाई की गई,इस कारवाई में आरपीएफ के इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में अभियान चला कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### बिहार एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजीव कुमार ने जीता कांस्य

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल के होनहार खिलाड़ी एवं चंद्रशील स्कूल के छात्र राजीव कुमार ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित 92वीं बिहार खुली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजीव कुमार ने अंडर-16 गोला फेंक प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच राजीव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार, परिजनों और रक्सौल क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने राजीव कुमार को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। लोगों ने आशा व्यक्त की कि राजीव भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर रक्सौल, पूर्वी चंपारण और बिहार का नाम गौरवान्वित करेंगे। राजीव कुमार की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 16 किलो 780 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71वीं वाहिनी अठमोहान एसएसबी के जवानों ने प्राप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की अहले सुबह गस्त के दौरान अठमोहान गाँव के पास से पीलर संख्या 358/5 से लगभग सात सौ मीटर के दुरी पर 16 किलो 780 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा बरामद किया उक्त प्रतिबंधित पदार्थ गांजा को नेपाल के रास्ते भारत मे तस्करी के लिए लाया जा रहा था वही तस्कर अंधेरा का लाभ उठाकर एसएसबी को देखकर नेपाल के रास्ते भागने मे सफल रहा जप्त की गई समाग्री को झरौखर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया जानकारी एसएसबी के अधिकारियो ने दी।

### बिजली की चपेट में आने से युवती की मौत

**हरसिद्धि (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पकड़िया पंचायत के कुबरा गाँव मे बिजली के चपेट मे आने से एक किशोरी की हुई मौत। मृतक की पहचान सलोनी खातून 13 वर्ष पिता मुस्तकीम मियां के रूप में हुई है। हरसिद्धि पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। मृतक के पिता मुस्तकीम मियां ने बताया की सुबह में घर साफ कर रही थी। इसी क्रम में बिजली के नंगे तार के चपेट में आ गई। जिससे घटना स्थल पर हीं उसकी मृत्यु हो गई। घर में इस घटना से कोहराम मचा हुआ है।

### नगर निगम में बुडको परियोजनाओं की समीक्षा

**ड्रेनेज के मिसिंग लिंक जोड़ने और सड़कों के पुनर्निर्माण का निर्देश**

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम कटिहार क्षेत्र में बुडको की संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर उषा देवी अग्रवाल ने की। नगर आयुक्त संतोष कुमार के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम एवं नल-जल योजना के तहत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बुडको के परियोजना निदेशक ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं कार्यान्वयन से संबंधित अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान संबंधित अभियंताओं, पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की गुणवत्ता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान नगर निगम क्षेत्र में निमार्णाधीन नालों के ऐसे हिस्सों को चिह्नित कर जल्द जोड़ने का निर्देश दिया गया, जहां ड्रेनेज नेटवर्क में "मिसिंग लिंक" की समस्या है। साथ ही जिन स्थानों पर नाला निर्माण के लिए सड़कों को काटा गया है, वहां शीघ्र सड़क पुनर्स्थापन रेस्टोरेशन कार्य कराने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि शहरवासियों को बेहतर जल निकासी एवं पेयजल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हसनगंज/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रमायुक्त कार्यालय की ओर से श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ग्राम विकास परिषद एमआरसी कटिहार ने भी भाग लिया।बैठक में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कार्य नहीं कराने का संकल्प लिया गया। साथ ही समाज में बाल श्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और देश को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई।इस अवसर पर श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने कहा कि बाल श्रम को समाप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, तभी आने वाले समय में देश को बाल श्रम मुक्त बनाया जा सकेगा।

# प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बनें आत्मनिर्भर, मिट्टी और पर्यावरण की होगी सुरक्षा : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने शुक्रवार को पिपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' अंतर्गत प्राकृतिक खेती सम्मेलन सह शारदीय खरीफ महाभियान- 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए इसे कृषि, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि हमारी कृषि व्यवस्था, मिट्टी की उर्वरता और किसानों की समृद्धि को सुनिश्चित करने का सामूहिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अंगीभूत संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र, पीपरा कोठी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम किसानों को प्राकृतिक खेती एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राकृतिक खेती और शून्य लागत खेती को विशेष प्रोत्साहन दे रहे हैं। इसका उद्देश्य खेती की लागत को कम करना, मिट्टी की सेहत को पुनर्जीवित करना, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्राकृतिक खेती से रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम होगी तथा कृषि उत्पादन अधिक सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनेगा। श्री सिंह ने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 1 जून से 30 जून 2026 तक राष्ट्रीय स्तर पर "खेत बचाओ अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही खेत, मिट्टी, जल एवं पर्यावरण की सुरक्षा के साथ किसानों की उत्पादन लागत घटाकर उनकी आय बढ़ाना इसका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण कृषि प्रधान जिला है और यहां की समृद्ध कृषि परंपरा, पशुधन संसाधन तथा मेहनती किसान प्राकृतिक खेती को सफल बनाने की अपार क्षमता रखते हैं। यदि प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाए तो किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ मिट्टी, जल और पर्यावरण का भी संरक्षण सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

# डा अशोक कुमार 'ज्योति' केंद्र में बने हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य

**साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ने अपने सदस्य की इस उपलब्धि पर दी बधाई और शुभकामनाएं**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थायी समिति के सदस्य डा अशोक कुमार ज्योति को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की हिन्दी-सलाहकार-समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। दरभंगा ज़िले के ढांगा ग्राम निवासी डा ज्योति संप्रति काशी हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस में हिन्दी विभाग में प्राध्यापक हैं। 38 सदस्यीय इस समिति के अध्यक्ष जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल तथा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री वी सोमन्ना तथा राजभूषण चौधरी हैं। शेष सदस्यों में लोकसभा एवं राज्य सभा के दो-दो सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हैं। डा ज्योति विगत तीन दशकों से हिन्दी भाषा और साहित्य की सेवा में संलग्न हैं। उनकी लिखित, संपादित और अनूदित 22 पुस्तकें हिन्दी को समृद्ध कर रही हैं। फि जी में आहूत हुए 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन सहित मौरिशस, मलेशिया, सिंगापुर और नेपाल में सरकारी परतिनिधि मण्डल के रूप में यात्राएँ कर आपने हिन्दी के विश्विक-प्रचार में भी योगदान किया है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन से छात्र-जीवन से ही जुड़े हुए थे तथा एक समर्पित कार्यकर्ता की तरह सम्मेलन की सेवा की। वे लम्बे समय से सुलभ साहित्य अकादमी, दिल्ली से भी उसके उपाध्यक्ष के रूप में जुड़े हुए थे। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र अमरेंद्र का अंतिम संस्कार

**नम आंखों से दी गई विदाई**

**मनिहारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में एनएच-31 पर हुए भीषण सड़क हादसे में शहीद हुए अरार थाना मधेपुरा के थानाध्यक्ष एवं मनिहारी नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-9 स्थित धमक टोला निवासी ज्ञानेंद्र अमरेंद्र का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके निधन से पूरे मनिहारी क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम विदाई के दौरान पुलिस विभाग की ओर से पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई।मनिहारी डीएसपी विनोद कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर पप्पू कुमार, मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा, सार्जेंट मेजर सरवर आलम सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पुष्पचक्र एवं फूल-मालाएं अर्पित कर दिवंगत अधिकारी को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले पुष्प अर्पण किया गया। इसके बाद पुलिस बल द्वारा शोक सलामी दी गई तथा राजकीय सम्मान के तहत फायरिंग कर अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर दो हवलदार और आठ सिपाहियों की टुकड़ी ने सम्मान गारद प्रस्तुत किया। आठ सिपाहियों द्वारा दो-दो राउंड की सम्मान फायरिंग कर शहीद अधिकारी को सलामी दी गई। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।



## 40 लाख रुपये गबन के मामले में प्राथमिकी की दर्ज

**मामला जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर का**

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने मकान खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता बड़ी दरियापुर निवासी विपिन कुमार की पत्नी पूनम देवी ने थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि मोहनपुर खलासी मोहल्ला निवासी नथुनी प्रसाद गुप्ता के पुत्र राजकुमार गुप्ता तथा उनके पुत्र आशुतोष कुमार गुप्ता ने अपना मकान बेचने के लिए उनसे 63 लाख रुपये में सौदा तय किया था। इसके लिए 4 मई 2023 को दोनों पक्षों के बीच एग्रीमेंट भी किया गया था। एग्रीमेंट के समय उन्होंने 5 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से भुगतान किया। इसके बाद अलग-अलग तिथियों में कई किस्तों के जरिए 7 सितंबर 2023 तक कुल 40 लाख 5 हजार रुपये आरोपियों को दे दिए। लेकिन जब मकान की रजिस्ट्री कराने का समय आया तो आरोपी पक्ष ने रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर छात्रों को वीडियो के माध्यम से सरकार के कार्यों को दिखाया गया

**सबका साथ सबका विश्वास के साथ देश को विश्व गुरु बनाने के लिए मोदी जी कार्य कर रहे हैं : यमुना सिकरिया**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्र के भाजपा सरकार मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के, जनता की सेवा करते हुए पुरे होने पर भाजपा नेता उद्योगपति यमुना कुमार सीकरीया द्वारा अपने शिक्षण संस्थान में बड़ी संख्या में छात्र - छात्राओं के साथ वीडियो के माध्यम से सरकार के कार्यों को दिखाया गया। सभी योजनाओं को बताया गया, साथ ही मोदी जी के भारत में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने हैं। इसके लिए भी सरकार को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता यमुना सीकरीया ने कहा सबका साथ सबका विश्वास के साथ देश को विश्व गुरु बनाने के लिए मोदी जी कार्य कर रहे हैं। लगातार योजनाएं ला रहे हैं, उद्योग लगातार बढ़ रहे हैं, स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा दिया जा रहा है, विदेशो में भी भारत की कंपनियां अधिग्रहण कर रही है। स्वदेशी रक्षा उपकरण का निर्माण कर हम उसे निर्यात कर रहे है। करीब 80 से अधिक देशों को हम अपना स्वदेशी रक्षा हथियार बेच रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। ऑपरेशन सिंदूर में 07 दिनों में हमने सफलता प्राप्त की। विदेशो में अब हम सम्मान के साथ देखा जाता है। विश्व के सभी बड़े देशो ने मोदी जी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। शिक्षा में नई शिक्षा नीति का उदय हुआ, मातृभाषा में पढ़ाई शुरू हो रही है, किसान सम्मान निधि योजना, सूर्य घर बिजली योजना, आयुष्मान योजना, असंख्य योजनाओं का लाभ अतिम पायदान पर खड़े लोगों को मिल रहा है। लोगों की सुबिधा के लिए बन्दे भारत ट्रेन को पुरे भारत से जोड़ा जा रहा हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व का सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनकर उभर रहा हैं।

# कटावरोधी कार्य की गुणवत्ता में कमी की शिकायत पर विधायक ने किया निरीक्षण

**गुणवत्तापूर्ण हो कार्य पदाधिकारी को दिए निर्देश**



**बारसोई/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के चांदपाड़ा पंचायत बालू पाड़ा हाट के निकट बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा कटावरोधी कार्य कराया जा रहा है। परंतु बोरा पिचिंग कार्य में भारी अनिमितता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने विधायक से इस बात की शिकायत की थी। शिकायत के मद्देनजर विधायक संगीता देवी ने कार्यस्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं इस संबंध में ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग एक करोड रुपए की लागत से कथित रूप से मात्र 180 मीटर कटाव क्षेत्र पर कटावरोधी कार्य हो रहा है। जबकि इसी पंचायत में नदी के कटान से आबादी पर मंडरा रहे खतरे के मध्येनजर लगभग 300 मी काटन क्षेत्र और भी है जिस पर अति शीघ्र कटाव रोधी कार्य किया जाना है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बालू पाड़ा हाट से पूरब और पश्चिम दोनों ही तरफ, पूरब तरफ लगभग 200 मीटर और पश्चिम की ओर लगभग 100 मीटर कटावरोधी कार्य कराया जाना बहुत जरूरी है। परंतु विभाग के द्वारा छोटा सा कार्य करके खाना पूर्ति की जा रही है। इतना ही नहीं लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि कार्य में पारदर्शीता नहीं है योजना संबंधी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। वहीं स्थल निरीक्षण के उपरांत विधायक संगीता देवी ने कहा कि सरकारी रुपए का बंदर बांट नहीं होने दिया जाएगा। गुणवत्ता में कमी और अनियमित बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि प्रथमद्दष्ट्या तो कुछ पता नहीं चल रहा है। आवश्यकता पड़ी तो जनहित में जांच कराई जाएगी वहीं इस संबंध में बाढ़ नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता दीपक कुमार ने कहा कि नदी के किनारे ही सड़क है और निर्माण कार्य चल रहा है इसीलिए बोर्ड नहीं लगाया जा सका है। क्योंकि बोर्ड के टूटने फुटने का भय है। उन्होंने बताया कि बोर्ड बनकर तैयार है जगह के अभाव में नहीं लगाया गया है।

## सभी प्रखंडों में दो दिन आयोजित होगा प्रखण्ड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य सचिव, बिहार के निदेर्शानुसार केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने को लेकर 17 एवं 18 जून 2026 को जिले के सभी प्रखंडों में 'प्रखण्ड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर' का आयोजन किया जाएगा।इस दो दिवसीय शिविर में आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी तथा लाभ वितरण जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजना, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड योजना सहित कई अन्य शामिल है।शिविर संचालन की जिम्मेवारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक दी गई है। शिविर स्थलों पर हेल्प डेस्क, विभिन्न विभागों के काउंटर तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टॉल की व्यवस्था की जाएगी।

## विकसित भारत के सपनों को साकार कर रही भाजपा सरकार

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रखंड में पूजा अर्चना एवं हवन का कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड भाजपा अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई। हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत के सपनों को साकार करने में भाजपा सरकार देश में एक रिकॉर्ड स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक के सबसे ज्यादा दिनों के प्रधानमंत्री रहने का एक रिकॉर्ड देश में कायम किया है। प्रधानमंत्री के 12 साल के कार्यकाल को आज पूरे देश में भाजपा सरकार जश्न मना कर खुशियां मनाते हुए जनहित में किए गए कार्यों बखान कर रही है। प्रखंडध्यक्ष ने अभी कहां की देश के अच्छे दिन आने का सीधा संकेत अब भाजपा सरकार में दिखने लगा है। इसलिए भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हम भाजपा नेता कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह पूर्वक कर रहे हैं।



### यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने चलाया अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने जमालपुर स्टेशन में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान के दौरान यात्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। जिसमें चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है।इसलिए ऐसा करने से बचें।फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है।यात्रियों को यह भी सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें।क्योंकि इससे खतरा हो सकता है। आरपीएफ कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें। यात्रियों को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें।



# प्रखंड बीस सूत्री समिति की बैठक आयोजित

**सरकारी योजनाओं की समीक्षा और क्रियान्वयन पर जोर**



**कोढा /कटिहार/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोढ़ा प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीस सूत्री समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। बैठक बीस सूत्री के अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा के अध्यक्षता में हुई। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बीपीआरओ प्रियंका कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित आर्य, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता पंकज ठाकुर, कोढ़ा थाना से एसआई विवेक विक्रम सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा वार्ड पार्षद अमित कुमार,कोढ़ा अंचल के प्रधान लिपिक संजीव झा,नगर पंचायत कोढ़ा से विभाष कुमार एवं अन्य कर्मचारी भी बैठक में शामिल हुए।बैठक के दौरान मनोज सिंह कुशवाहा ने सभी विभागों के अधिकारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है।प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि कई योजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है।

# एकमा के परसागढ़ में नये राजकीय डिग्री कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी

**परसागढ़ स्थित आरएन इंटर कॉलेज परिसर में तैयार भवन का किया निरीक्षण**





**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा के विद्यार्थियों को अब उच्च शिक्षा के लिए जिला मुख्यालय अथवा दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के तहत स्थापित किए जा रहे नये राजकीय डिग्री महाविद्यालय एकमा में आगामी एक जुलाई 2026 से कक्षाएं शुरू कराने की दिशा में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने एकमा प्रखंड के परसागढ़ स्थित आरएन इंटर कॉलेज परिसर में संचालित होने वाले नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालय का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन की स्थिति, कक्षाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की। उनके साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कॉलेज संचालन से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरी की जाएं, ताकि नए शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू कराई जा सके। निरीक्षण के बाद जिला मुख्यालय पहुंचने के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके घर के निकट ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक पहल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि सारण जिले के एकमा सहित नौ ऐसे प्रखंडों में डिग्री कॉलेज शुरू किए जा रहे हैं, जहां अब तक एक भी डिग्री कॉलेज नहीं था। इनमें एकमा, तरैया, मकेर, दरियापुर, मढ़ौरा, मशरक, लहलादपुर, पानापुर और इसुआपुर शामिल हैं। इन सभी कॉलेजों में तात्कालिक व्यवस्था के तहत चिह्नित सरकारी भवनों में 1 जुलाई से शैक्षणिक गतिविधियां शुरू कर दी जाएंगी। समीक्षा बैठक में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को निर्देश दिया गया कि सभी चिह्नित भवनों में आवश्यक मरम्मत, रंग-रोगन, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल तथा छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था 20 जून तक पूरी कर ली जाए। वहीं कॉलेजों के लिए आवश्यक बेंच-डेस्क, टेबल, कुर्सी, अलमारी, बुक शेल्फ और अन्य सामग्री की खरीद प्रक्रिया को 25 जून तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि कॉलेजों की सुरक्षा एवं साफ-सफाई के लिए होमगार्ड और सफाईकर्मियों की तैनाती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वहीं जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा द्वारा सभी नए डिग्री कॉलेजों के लिए प्राचार्यो का नामांकन भी कर दिया गया है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता, जिला लेखा पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करना पांच युवकों को पड़ा महंगा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना की पुलिस ने शुक्रवार की अहले सुबह दोमुहान पुल के समीप शराब के नशे में हंगामा तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि दोमुहान पुल के पास वाहन जांच एवं गश्ती अभियान के दौरान कुछ युवक संदिग्ध अवस्था में मिले। जांच में उनके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। आरोप है कि वे लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहे थे तथा पुलिस द्वारा रोककर पूछताछ किए जाने पर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ बदसलूकी करने लगे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों में कर्मा रोड निवासी अंकित कुमार, गंगटी निवासी कुमार हर्ष व राहुल सिंह, अनुग्रह नगर निवासी निखिल कुमार सिंह तथा बेली महृहर निवासी निशांत कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कानून का मजाक उड़ाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कमजोर और असहाय बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा कल्याण के लिए प्राधिकार तत्पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाज के कमजोर एवं असहाय वर्ग, विशेषकर बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार निरंतर कार्यरत है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने औरंगाबाद शहर के एडॉप्शन सेंटर (दत्तक ग्रहण केंद्र) का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण सचिव ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) के निर्देशों के आलोक में किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने केंद्र में उपलब्ध बच्चों की देखभाल, आवासीय व्यवस्था, पोषण, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर केंद्र में कुल तीन बच्चे पाए गए जिनमें एक नवजात शिशु भी शामिल था। सचिव ने बच्चों के समुचित पालन-पोषण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडॉप्शन सेंटर के प्रशासनिक पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी विनीता कुमारी एवं सहायक निदेशक भी उपस्थित रहे। सचिव ने बच्चों के हितों की रक्षा तथा उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु सभी आवश्यक मानकों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# तीन माह से वेतन के इंतजार में जिला परिषद शिक्षक, शिक्षा व्यवस्था पर संकट की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत जिला परिषद नियोजित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक तथा पुस्तकालयाध्यक्ष पिछले तीन माह से अधिक समय से वेतन के बिना कार्य करने को मजबूर हैं। वेतन मद में अब तक आवश्यक राशि का आवंटन जारी नहीं होने से हजारों शिक्षकों और उनके परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। औरंगाबाद जिला परिषद नियोजित माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह और उपाध्यक्ष डॉ. राकेश रंजन ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार से तत्काल लंबित वेतन भुगतान की मांग की है। संघ का कहना है कि एक ओर सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षक लगातार तीन माह से अधिक समय से वेतन के अभाव में आर्थिक, मानसिक और सामाजिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी के कारण शिक्षकों के परिवारों का सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। घर-परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई, बैंक ऋण की किश्तें, चिकित्सा व्यय और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। कई शिक्षक गंभीर आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं, जबकि कुछ मामलों में इलाज तक प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि तमाम कठिनाइयों के बावजूद शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है। संघ का मानना है कि यह स्थिति न केवल शिक्षकों के मनोबल को प्रभावित कर रही है, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य पर भी प्रतिकूल असर डाल सकती है। संघ ने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि आर्थिक असुरक्षा और मानसिक तनाव से जूझ रहे शिक्षकों से बेहतर शैक्षणिक परिणाम की अपेक्षा करना उचित नहीं है। शिक्षा व्यवस्था की मजबूती का आधार शिक्षक हैं और उनकी उपेक्षा कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। संघ के अनुसार, इस संबंध में शिक्षा मंत्री तथा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर अविलंब वेतन मद में आवश्यक राशि का आवंटन जारी करने की मांग की गई है। साथ ही लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है ताकि शिक्षकों और उनके परिवारों को राहत मिल सके तथा विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों।

# आगामी 20 जून को होगी 20 सूत्री समिति की बैठक

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में आगामी 20 जून 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा होगी। बैठक में समिति के सभी सदस्य, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में क्षेत्र की विकास संबंधी समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रखंड प्रशासन ने सभी संबंधित सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

# चोरी के आभूषणों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दाउदनगर पुलिस को गृहभेदन कांड में बड़ी सफलता मिली है। साथ ही एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से चोरी किए गए सोने-चांदी कई आभूषण बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी 23 वर्षीय पवन कुमार उर्फ पवन पटेल के रूप में की गई है। घटना बीते 18 अप्रैल की है। तब से यह फरार चल रहा था। घटना को लेकर पीड़ित के अनुसार पिछले चार महिनों से घर बंद पड़ा था। इसी क्रम में अभियुक्त ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर शुक्रवार को अभियुक्त को घर से पकड़ा गया। इसके बाद उसके निशानदेही पर से चोरी किए गये सोने-चांदी के अभूषणों को बरामद कर पकड़ाये व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रेसवार्ता कर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया। इसके पास से 1 सोने का चैन, 4 कंगन, 1 कान का टॉप, 1 मंगलसूत्र, 1 जिउतिया, 2 दुर्गा जी का लौकेट, 3 अंगुठी एवं चांदी का 17 झूमका पायल, 2 बच्चा का पायल, 1 सिकड़ी, 4 बाला, 26 बिच्छीया, 4 अंगुठी, 2 कानबाली, 1 सिक्का, 1 लौकेट बरामद किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## आज मिल सकती है 200 को नौकरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिला नियोजनालय द्वारा शनिवार को मौलाबाग स्थित वीसीएसआरएम परिसर में संचालित केवाईपी सेंटर में जॉब मेला का आयोजन किया जाना है। यहां लगभग 200 युवाओं को नौकरी मिल सकती है। इस संबन्ध में जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि एक कंपनी को बारहवीं से लेकर आईटी सेक्टर के 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग के युवा चाहिए। युवा इस जॉब मेला में आकर इसका लाभ ले सकते हैं।

# ठगों से रुपये रिकवर कर पीड़ित को लौटाये




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** साइबर ठगी के शिकार हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने फ्रॉड की राशि रिकवर कर शुक्रवार को लौटा दी। मामले में औरंगाबाद के रहने वाले पीड़ित हिमांशु कुमार का 80 हज़ार रूपये टेलीग्राम से साइबर फ्रॉड हुआ था। इसके बाद उसने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (1930) पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होते ही साइबर थाना द्वारा विधि-सम्मत तरीके से जांच की गई और साइबर फ्रॉड के अकाउंट से राशि रिकवर कर न्यायालय के आदेश पर पीड़ित को सोमवार को लौटा दी गयी। इस संबंध में साइबर डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह ने बताया कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करना चाहिए और मामले की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय पर कार्रवाई संभव हो सके। उन्होंने कहा कि साइबर थाना नागरिकों की मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने, साइबर अपराध के मामलों में अधिकतम धनवसूली, सटीक दस्तावेजीकरण व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## एक नजर

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**पौथू (औरंगाबाद)।** भरण-पोषण से जुड़े एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को पौथू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अरविंद यादव उर्फ अरविंद कुमार (41 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पौथू थाना क्षेत्र के पोखर बिगहा गांव का निवासी है तथा स्वर्गीय बेचू यादव का पुत्र है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, माननीय प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, औरंगाबाद न्यायालय की अदालत से जारी वारंट के आलोक में यह कार्रवाई की गई। अभियुक्त के विरुद्ध जीआर संख्या-2069/2017, टीआर संख्या-1570/2025 तथा पौथू थाना कांड संख्या-56/2014 दर्ज है। वह भरण-पोषण मामले में न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने के कारण फरार चल रहा था।
पौथू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके पैतृक आवास पोखर बिगहा में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### मृतक के परिजनों से मिले लोजपा (रामविलास) कार्यकर्ता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बलिगांव पंचायत के टिकरी गांव में ट्रैक्टर के पलटने से एक व्यक्ति की मौत एवं एक व्यक्ति के घायल होने की घटना के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ताओं की एक टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान के नेतृत्व में गठित टीम ने दुखित पासवान परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। टीम में चिकित्सा प्रकोष्ठ के मगध प्रमंडल प्रभारी एवं औरंगाबाद जिला अध्यक्ष डॉ. रामविलास पासवान, मगध जोन प्रवक्ता डॉ. उपेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश पासवान, रफीगंज प्रखंड उपाध्यक्ष रामप्रवेश पासवान, गोराडिया पंचायत अध्यक्ष योगेश पासवान एवं जैकल कुमार शामिल रहे। इस दौरान नेताओं ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पार्टी और कार्यकर्ता परिवार के साथ खड़े हैं तथा हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेंगे।

### भरण-पोषण मामले में फरार नाजिर अंसारी को कोलकाता से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के फीता बिगहा निवासी नाजिर अंसारी को भरण-पोषण से जुड़े एक पुराने मामले में न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने उसे पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेहाना खातून ने भरण-पोषण को लेकर नाजिर अंसारी के विरुद्ध न्यायालय में मामला दर्ज कराया था। यह मामला केस संख्या-37/17 से संबंधित है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा जारी आदेश के बावजूद नाजिर अंसारी उपस्थित नहीं हो रहा था और लंबे समय से फरार चल रहा था। रफीगंज पुलिस को उसकी तलाश काफी समय से थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि वह कोलकाता में रह रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कोलकाता से उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे रफीगंज लाया गया और आवश्यक न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद नाजिर अंसारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# विनोद कुमार को डॉ. चंचल ने किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुरानाशहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार द्वारा आलोक प्रकाशन के प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने बताया कि इतनी चिलचिलाती धूप में भी ये बच्चों के प्रति सजग हैं। बच्चों को पढ़ाई से संबंधित समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए समय से प्रकाशित पुस्तक के बारे में बच्चों को जानकारी मिल सके और वे अच्छे अंक से सफल हो सके, इसकी कोशिश करते हैं। अपने कार्य के प्रति इमानदारी एवं बच्चों का ख्याल रखने के कारण आज इन्हें यह सम्मान मिला। यह सम्मान इन्हें ऊर्जावान बनायेगी और अपने कर्मों के प्रति निरंतरता को बढ़ायेगी।

# सहयोग शिविर को सफल बनाने की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी 16 जून को आयोजित होने वाले पंचायतवार सहयोग शिविर के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इस क्रम में टेंपो एवं ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर आम नागरिकों को शिविर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे शिविर से पूर्व अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पंचायत सरकार भवन में जमा करें ताकि शिविर के दिन ही उनके आवेदनों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि वे अपने पंचायत सरकार भवन में समयपूर्व आवेदन जमा कर सहयोग शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं। सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। 16 जून को देव प्रखंड अंतर्गत इसरौर एवं बेढ़ना पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत कर्मा भगवान एवं कुरमा, बारून प्रखंड अंतर्गत कोचाढ़ एवं काजीचक, मदनपुर प्रखंड अंतर्गत मनिका, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बौर एवं पोगर, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत तेलहारा एवं बैरांव, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत राजपुर, बैरिया, सोनौरा एवं सोरी, ओबरा प्रखंड अंतर्गत ऊब, भरूब एवं चंदा, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत चौरी एवं कनाप, गोह प्रखंड अंतर्गत उपहारा एवं हसामपुर तथा हसपुरा प्रखंड अंतर्गत डिडिर, हसपुरा एवं मलहारा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र स्थापित करने पर ज़ोर

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाल के गंभीर अग्निकांडों की घटनाओं को देखते हुए जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु बिहार राज्य अग्निशमन सेवा के निदेशक के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। शुक्रवार को अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह, अग्निक चालक मंजीत कुमार पाण्डेय एवं अग्निक रौशन कुमार द्वारा जिले के महत्वपूर्ण अस्पतालों एवं नर्सिंग होम, होटल, लॉज, गेस्ट हाउस तथा अन्य आवासीय एवं लॉजिंग प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित संस्थानों में तत्काल अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, पांच उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड के बीबीपुर गांव में बिजली विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पांच उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह कार्रवाई कनिय विद्युत अभियंता (ग्रामीण) संतोष कुमार के नेतृत्व में की गई। ने बताया कि रामप्रवेश यादव के पुत्र सुभाष कुमार पर 12850 रुपये ,मिथलेश सिंह की पत्नी प्रमिला देवी पर 9042 रुपये, रामशेवक सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह पर 38883 रुपये, अलखदेव सिंह के पुत्र गुप्ता सिंह 39721 रुपये, स्व शुखेदर सिंह के पुत्र नीतीश कुमार पर 44724 रुपये जुर्माना लगाया गया है। कनिष्ठ विद्युत अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं का कनेक्शन बकाया राशि के कारण पहले ही काट दिया गया था। इसके बावजूद ये लोग एलटी लाइन में पीवीसी तार के जरिए अवैध रूप से टोका फंसाकर बिजली की चोरी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा। रफीगंज थाना में आवेदन दिया गया। थानाध्यक्ष संभु कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुई है, उसी के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कई जगह मनाया जाएगा योग दिवस

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने को लेकर तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में पतंजलि किसान प्रभारी बृजमोहन शर्मा ने दाउदनगर शहर के बम रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में आदर्श योग कक्षा को संबोधित करते हुए लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। कहा कि योग हमारे ऋषियों द्वारा दिया गया एक अमूल वरदान है ,जिसे स्वामी रामदेव की पहल से विश्व के सैकड़ो देश योग दिवस मनाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि दाउदनगर में तीन से चार जगहों पर 21 जून को योग दिवस उत्साह के माहौल में मनाया जाएगा। रैली निकालकर जन जागरण किया जाएगा। इसकी तैयारी में सभी लोग दाउदनगर अनुमंडल के प्रभारी नंद बाबा योग शिक्षक शंकर प्रसाद, विशिष्ट योग शिक्षक सोना लाल एवं कमेटी के सभी लोग उत्साह के साथ लगे हुए हैं। जहां अभिभावक के रूप में सुरेश प्रसाद गुप्ता एवं प्रो.राजेंद्र स्वर्णकार लोगों का उत्साह वर्धन कर रहे हैं। कहा कि जिस दिन भारत के सभी लोग प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में एक घंटे के लिए योग, प्राणायाम, आसन, व्यायाम, सूर्य नमस्कार करने लगेंगे, अपने शरीर से पसीना निकालने लगेंगे उस दिन भारत विश्व गुरु बन जाएगा। योग कक्षा में युवा योग शिक्षक दीपक कुमार केसरी, सोना लाल, संतोषकुमार , आदित्य राज, शिवम कुमार, मिथिलेश प्रसाद , सुनीलकुमार सिंह, हीरालाल, उदय पासवान, अंबिका प्रसाद, सुनील कुमार, रामपुर सेबरामप्रवेश चौधरी, संतोष कुमार, शंकरप्रसाद, गुड़िया कुमारी, वार्ड पार्षद सोनी देवी, रूबी केसरी एवं अन्य शामिल हुए।


**कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा**
**समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी, प्रथम तल्ला**
**Email ID – garhwamdm@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) विषय– भाषा के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जाँच पत्रक के साथ दिनांक–15.06.2026 को काउंसिलिंग हेतु जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.garhwa.nic.in** पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नंबर– 9304515448, 8210307876 पर सम्पर्क कर सकते है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थल एवं समयः–** **कार्यालयः–** जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के सभागार कक्ष, पुराना समाहरणालय,
**समयः–** पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

PR 382295 (Human Resource Developement)26-27*D — जिला शिक्षा अधीक्षक,गढ़वा



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**(1st Call)**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/RPWS/Med-04/2026-27**
दिनांक 11.06.2026

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | Remaining work of PANDU Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar on turnkey basis."Year 2026-2027. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | 600.14 ( छः करोड़ चौदह हजार रूपये मात्र ) |
| 2 | अग्रधन की राशि (लाख में) | 6.0015 (छः लाख एक हजार पाँच सौ रूपये मात्र) |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 10,000/- (दस हजार रूपये मात्र) |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 (अठारह) महीना + 3 (तीन) महीना Trial & Run |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 19/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन तक |
| 6 | प्री बीड की तिथि एवं समय | 24/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन तक ( अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची, नेपाल हाउस) |
| 7 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 11 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 12 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 |
| 13 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2490920 |

**नोटः– निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।**
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 382286 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)



**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल-29-26; दिनांक 11.06.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे वर्णित कार्य सम्पन्न करने में आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** आसनसोल मंडल - इलेक्ट्रिक लोको शेड, आसनसोल की विद्युतीय सम्पत्तियों का विस्तार एवं प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 2,30,76,305.95; **बयाना राशिः** रु. 4,61,500; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समयः** 03.07.2026 को 11.00 बजे। **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-134/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-एलसीगेट-05नं.-26, दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलसीगेट-05नं.-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीखः 06.07.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के 20000 से अधिक टीवीयू वाले एलसी गेटों-05 गेटों का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 7,69,78,185.35; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 15,39,600; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 22.06.2026। (HWH-152/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मुहर्रम को लेकर हजारीबाग पुलिस अलर्ट

## अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन पर एसपी ने दिए कड़े निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जिले में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून-व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन, अवैध गतिविधियों पर रोक तथा जनसुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम के दौरान विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व में हुई सांप्रदायिक घटनाओं की समीक्षा कर संबंधित मामलों में फरार आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी जुलूसों की सूची तैयार कर उन पर अभी से विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। वर्ष 2025 से पूर्व के लंबित कांडों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की-जब्ती से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस निरीक्षक प्रत्येक सोमवार को थाना स्तर पर बैठक कर लंबित मामलों की समीक्षा एवं निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों को ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने और गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त लोगों तथा सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सीसीए, थाना हाजिरी एवं गुंडा पंजी की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने का भी निर्देश दिया गया। अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर खनन पर पूर्ण रोक लगाने के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। साइबर अपराध से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन एवं आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। साथ ही थाना प्रभारियों को आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया गया। जमीन विवाद से संबंधित लंबित मामलों की थाना दिवस के दौरान नियमित समीक्षा कर आवश्यकतानुसार संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार के माध्यम से अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जनता का विश्वास मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

## क्राइम मीटिंग में मुहर्रम को लेकर दिये गए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित कांडों के निष्पादन, आम जनता के साथ पुलिस के व्यवहार, एनडीपीएस, संगठित अपराध, एससी/एसटी कांडों तथा गुमशुदगी से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आईजी ने अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री पर सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विशेष अभियान चलाया जाए तथा इसमें संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, उनके खिलाफ सीसीए, थाना हाजिरी तथा गुंडा पंजी की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। बैठक में जिले में लंबित गुमशुदगी से संबंधित सभी मामलों की समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को हत्या, महिला अपराध तथा अन्य गंभीर मामलों में स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करने और कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश देने को कहा गया। आईजी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि थानों में आने वाले आम लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है और इसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। आईजी ने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सूचना मिलने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## सभी लाभार्थियों का शत प्रतिशत एफआरएस सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश

### पोषण ट्रैकर एवं पीएमएमवीवाई योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पोषण ट्रैकर एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, डेटा की शुद्धता तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी।बैठक में राज्य स्तर से आए पोषण अभियान कंसल्टेंट श्री काव्या ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं (एलएस) को निर्देश देते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर में दर्ज सभी लाभार्थियों का 100 प्रतिशत फ़ेस रिकॉग्निशन सिस्टम सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों से संबंधित सही एवं अद्यतन डेटा उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में जियो फेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। निर्देश दिया गया कि जो केंद्र निर्धारित जियो फेंसिंग क्षेत्र के बाहर संचालित हो रहे हैं, उन्हें शीघ्र ही निर्धारित क्षेत्र के अंतर्गत संचालित किया जाए। साथ ही सभी लाभार्थियों का वजन एवं लंबाई सही तरीके से पोषण ट्रैकर में दर्ज करने का निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों एवं महिलाओं की पोषण स्थिति का सही आकलन किया जा सके।

बैठक के दौरान लाभार्थियों का अपार आईडी एवं आभा आईडी बनाने तथा शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।इस अवसर पर पीएमएमवीवाई कंसल्टेंट श्री सुशील एवं श्री काव्या ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत नए लाभार्थियों का अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा ड्यू-लिस्ट एवं लंबित मामलों की संख्या में कमी लाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों के बैंक खातों को एनपीसीआई से लिंक कराने पर विशेष जोर दिया, ताकि लाभ की राशि समय पर एवं सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नीता चौहान ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभागीय पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं (एलएस), पोषण अभियान एवं पीएमएमवीवाई से जुड़े कर्मी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सफल संचालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में हम सभी को जीरो एरर नीति के तहत कार्य करना है। यह विशेष रूप से सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। समीक्षा के दौरान विभिन्न निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत बीएलओ सुपरवाइजर से पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण के साथ मतदाताओं का मिलान, डाटा प्रविष्टियों का सत्यापन एवं विलोपन, प्रपत्र संग्रहण एवं निष्पादन, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन तथा एएसडीडी सूची तैयार करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों को गंभीरता एवं सतर्कता के साथ निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 जून 2026 से पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा।

## भाजपा महिला मोर्चा ने दिया तेल बचत और आत्मनिर्भरता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ''कम तेल की थाली, देश की खुशहाली'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा (साक्षी) ने किया। इस अवसर पर महिलाओं ने बिना तेल के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तेल की बचत के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि खाद्य तेल की खपत में कमी लाकर न केवल परिवार की आर्थिक बचत की जा सकती है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की जा सकती है। यह पहल प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं कार्यालय मंत्री विवेक सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने महिला मोर्चा की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य, बचत और राष्ट्रहित से जुड़ा जनजागरण अभियान बताया। कार्यक्रम में रत्ना सिन्हा, रानी शुक्ला, इंदु गुप्ता, पूनम कसेरा, हेमंती देवी, मीरा मेहता, सुमन भंडारी, रानी कच्छप सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि अपने दैनिक जीवन में थोड़ी-थोड़ी बचत और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करे तो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने महिलाओं से स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने और तेल की अनावश्यक खपत कम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ भारत, आत्मनिर्भर भारत और सशक्त नारी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव, पलामू के चार प्रखंडों को मिले नए अध्यक्ष, संगठन विस्तार की कवायद तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डालटनगंज।** झारखंड प्रदेश कंग्रेस कमिटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पलामू जिले के चार प्रखंडों में नए प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव (संगठन) सुनीत शर्मा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्तियां प्रदेश नेतृत्व की सहमति और पार्टी प्रभारी के निर्देश पर की गई हैं। जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह छत्तरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। नई सूची में छत्तरपुर प्रखंड के लिए मोहन जायसवाल, पाटन प्रखंड के लिए जैनुल सिद्दकी, पंडवा प्रखंड के लिए मेघनाथ महतो तथा नवडीहा बाजार प्रखंड के लिए संतोष पाठक को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने नवनियुक्त अध्यक्षों से संगठनात्मक गतिविधियों को गांव और बूथ स्तर तक विस्तार देने तथा कार्यकर्ताओं को एकजुट कर पार्टी को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है। सभी प्रखंड अध्यक्ष पलामू जिला कंग्रेस कमिटी की अध्यक्ष बिमला कुमारी के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे और संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट जिला नेतृत्व को सौंपेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार इन नियुक्तियों का उद्देश्य आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए संगठन को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाना है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने का सिलसिला जारी है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से पलामू में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा जनाधार मजबूत होगा।

## लापता महिला का कंकाल मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के पांडू थाना क्षेत्र के एक जंगल से 15 दिन से लापता महिला का कंकाल बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर मिले कपड़ों के आधार पर परिजनों ने कंकाल की पहचान बसडीहा गांव निवासी 37 वर्षीय सुनीता देवी के रूप में की है। जानकारी के अनुसार, सुनीता देवी 29 मई को घर से जंगल की ओर गई थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर परिजनों ने पांडू थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को ग्रामीणों ने जंगल में बिखरे कपड़े और संदिग्ध निशान देखे, जिसके बाद खोजबीन के दौरान एक मानव कंकाल बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कंकाल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजन निष्पक्ष जांच और सच्चाई सामने लाने की मांग कर रहे हैं।

## जनता दरबार में सुनीं गईं आमजनों की समस्याएं

### कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदनों की सुनवाई की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है जनता दरबार में बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने आए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका नियमानुसार शीघ्र निपटारा किया जाए। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान भी किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनता दरबार के माध्यम से जिला प्रशासन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि नागरिकों की शिकायतों का प्रभावी निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## डीए लॉगिन सक्रिय नहीं होने से हुसैनाबाद अंचल में म्यूटेशन कार्य ठप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू।** हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में पिछले तीन से चार सप्ताह से अधिक समय से म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) का कार्य प्रभावित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीए लॉगिन सक्रिय नहीं होने के कारण म्यूटेशन से संबंधित आवेदन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के तहत डीए लॉगिन तक पहुंचने के बाद वहीं लंबित हो जा रहे हैं। म्यूटेशन कार्य बाधित रहने से जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन में देरी हो रही है, जिससे आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंचल कार्यालय से संबंधित विभाग को डीए लॉगिन सक्रिय करने के लिए भेजा गया है, लेकिन अब तक तकनीकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार डीए लॉगिन सक्रिय होने के बाद ही लंबित आवेदनों पर आगे की कार्रवाई संभव हो सकेगी। इधर, लगातार लंबित हो रहे मामलों को लेकर आवेदकों में चिंता बढ़ रही है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान कर म्यूटेशन कार्य को सुचारू रूप से शुरू कराने की मांग की है।

## आयुक्त ने विभागीय परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पलामू।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने आगामी विभागय परीक्षा दिनांक (14 जून) को मद्दे नजर रखते हुए गिरिवर +2 हाई स्कूल का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने परीक्षा संचालन को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पेयजल (डिस्पोजल के साथ), शौचालय, बिजली, सी.सी.टी.वी., मेडिकल किट एवं बैठने की समुचित व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा कक्षों में पर्याप्त रोशनी एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं साथ ही परीक्षार्थियों के लिए आयुक्त ने चाय और बिस्किट की भी व्यवस्था उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। उन्होंने केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने तथा परीक्षा संबंधी सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## बरहरवा स्टेशन पर 174 मोबाइल जब्त, दो युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 174 एंड्रॉयड मोबाइल फोन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 58 लाख 95 हजार 878 रुपये बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मालदा रेलखंड के बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि वनांचल एक्सप्रेस के जनरल कोच में दो व्यक्ति बड़ी संख्या में चोरी के मोबाइल फोन लेकर यात्रा कर रहे हैं। सूचना के आधार पर आरपीएफ टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान दोनों संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से कुल 174 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान वे मोबाइलों से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद आरपीएफ ने सभी मोबाइल फोन जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरपीएफ ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बरामद मोबाइलों और दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा मोबाइल फोन के स्रोत और स्वामित्व की पड़ताल की जा रही है।

## ट्रेन से गिरकर वृद्धा की मौत

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के शांतिपुरी इलाके में शुक्रवार सुबह ट्रेन से गिरकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही टीओपी-3 प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभ में मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में पुलिस ने उसकी पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन गांव निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मी देवी के रूप में की। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मृतका किन परिस्थितियों में ट्रेन से गिरी, इसका पता लगाने के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पंचायत उपबंध झारखंड नियमावली को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**गुमला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुमला नगर भवन में आज पंचायत उपबंध झारखण्ड नियमावली, 2025 विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में पेसा नियमावली पूरी तरह लागू हो चुकी है। इस एक्ट के जितने भी प्रावधान हैं, उनकी विस्तृत व्याख्या इस नियमावली में दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम लागू होने के बाद से योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लोगों में कई तरह की जिज्ञासाएं हैं, जिसे दूर करने के लिए ही राज्य स्तर के विशेषज्ञों की उपस्थिति में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## देसी कट्टा के साथ सोशल मीडिया पर स्टेटस डालना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हरिहरगंज।** सोशल मीडिया पर देशी कट्टा के साथ स्टेटस लगाना एक युवक को भारी पड़ गया। पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी अंतर्गत सरसोत गांव निवासी उपेंद्र साव के 19 वर्षीय पुत्र अभय कुमार उर्फ लड्डू को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में हरिहरगंज थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 105/26 दर्ज किया गया है। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति को भी अभियुक्त बनाया गया है। छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रशांत कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व अभय कुमार उर्फ लड्डू द्वारा इंस्टाग्राम पर देशी कट्टा के साथ लगाया गया। स्टेटस पुलिस की नजर में आया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर सरसोत गांव स्थित बड़की आहर के समीप एक कुएं के पास ईंट के नीचे अखबार में लपेटकर छिपाया गया एक देशी हथियार बरामद किया गया। वहीं दूसरा हथियार भी कुछ ही दूरी पर स्थित एक अन्य कुएं से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, कुएं से हथियार निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए डीजल पंप की सहायता से कुएं का पानी निकाला गया, जिसके बाद हथियार को बरामद किया जा सका।

# जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

## डीएम ने की समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में केन्द्रीय चयन पर्षद अंतर्गत सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। ज्ञात हो कि मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही के कुल 4,236 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजीत की जायेगी। शुक्रवार को ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जून एवं 17 जून को दो-दो पालियों में जिले के कुल 8 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित होगी। प्रथम पाली के अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे से तथा द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों को दोपहर 1 बजे से परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केन्द्रों पर त्रिस्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी एवं उड़नदस्ता दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही इंटरनेट आधारित लाइव सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन, लाइव फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में बी.पी. इंटर स्कूल, आर. ओमर गर्ल्स प्लस टू स्कूल विष्णुपुर, बी.एस.एस. कॉलेजियेट प्लस टू स्कूल, आर.जे.के. प्लस टू स्कूल, श्री सीताराम राय प्लस टू स्कूल रजौड़ा, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय जैमरा बरौनी, आर.बी.एस.एस. प्लस टू स्कूल हरपुर तथा यू.एच.एस. पपरौर शामिल हैं। ब्रीफिंग के दौरान अभ्यर्थियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक पेन अथवा किसी भी प्रकार के संचार उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए अपना पेन लाने की आवश्यकता नहीं होगी। ओएमआर शीट भरने हेतु पेन परीक्षा केन्द्र पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को वैध ई-प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा समाप्ति के उपरांत प्रश्न-पुस्तिका एवं ओएमआर शीट की सभी प्रतियां वीक्षक को वापस करना अनिवार्य रहेगा।परीक्षा के सफल संचालन की निगरानी एवं समन्वय हेतु समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन के ऊपरी तल पर जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06243-222835 निर्धारित किया गया है।

## डीएम के निर्देश पर दत्तकग्राही माता पिता को मिला बालक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में आवासित बालक पिट्टू कुमार के पूर्ण दत्तग्रहण संबंधी आदेश निर्गत किया गया। आदेश निर्गत होने के उपरांत बालक को विधिवत रूप से उनके दत्तकग्राही माता-पिता को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बालक एवं दत्तकग्राही माता-पिता से आत्मीय वार्तालाप किया तथा बालक के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि दत्तकग्रहण की प्रक्रिया ऐसे बच्चों को पारिवारिक संरक्षण, स्नेह एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उल्लेखनीय है कि दत्तकग्राही दम्पति झारखंड के जमशेदपुर के निवासी हैं। सभी वैधानिक प्रक्रियाओं एवं प्रावधानों का अनुपालन करते हुए बालक का पूर्ण दत्तग्रहण संपन्न कराया गया। जिला प्रशासन ने दत्तकग्राही परिवार को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि बालक को परिवार में स्नेहपूर्ण वातावरण प्राप्त होगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में पांच लाख...

सरकार से लगभग 12.90 लाख करोड़ रुपये के कर संग्रह तंत्र का लाभ मिल रहा है। राज्य के बजट में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी करीब 60 हजार करोड़ रुपये की है जबकि शेष संसाधन केंद्र सरकार की सहायता और राज्य के स्वयं के प्रयासों से जुटाए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रतिदिन का खर्च लगभग 1000 करोड़ रुपये के आसपास है। 12 जून तक ट्रेजरी में 1500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध है। शिक्षकों का वेतन और पेंशन उनका मौलिक अधिकार है, इसलिए किसी भी परिस्थिति में इसे रोका नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास योजनाओं के लिए उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट) जरूर लिया जाए लेकिन वेतन और पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।

### हादसे में तीन थाना...

होना सामने आ रहा है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बेगूसराय में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन थाना प्रभारियों एवं वाहन चालक के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। यह अपूरणीय क्षति पूरे पुलिस परिवार के लिए गहरा आघात है। दिवंगत आत्माओं की चिर शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता हूं तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस दुःख की घड़ी में बिहार सरकार शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

### मनरेगा से आसान...

छप्पन लाख सड़सठ हजार) एवं पत्रांक जी-31011/9/2026-आरइ-वी (396105) सीरियल नंबर 23 के द्वारा प्रशासनिक मद में 1,203.10 लाख (बारह करोड़ तीन लाख दस हजार) रुपये उपलब्ध कराया गया है। मनरेगा के अंतर्गत एसएनए स्पर्श के तहत मदर सेंक्शन के रूप में भारत सरकार से सामग्री मद में प्राप्त कुल 73,356.67 लाख (सात अरब तैंतीस करोड़ छप्पन लाख सड़सठ हजार) रुपये की राशि के आनुपातिक 75:25 देय राज्यांश की राशि कुल 24,452.22 (दो अरब चौवालीस करोड़ बावन लाख बाईस हजार) रुपये है। उन्होंने बताया कि इस भारी भरकम की राशि के जारी होने से विकास कार्यों को कराने में आ रही बाधा अब दूर होगी एवं योजना क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि विभागीय पदाधिकारियों को इच्छुक लोगों के आवेदन प्राप्त होने के बाद निर्धारित दिन के अंदर जॉब कार्ड उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## जेई समेत पांच कर्मियों पर कार्रवाई के आदेश

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंझौली गांव निवासी आइस फैक्ट्री संचालक उमेश साव की शिकायत पर हुई जांच में बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने कनीय अभियंता सहित पांच लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया है। उमेश साव ने जिला पदाधिकारी से शिकायत की थी कि उनकी आइस फैक्ट्री में बिजली विभाग की टीम ने जांच के दौरान टोका फंसाकर मशीन चलाने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि कनीय अभियंता ने मामले को रफा-दफा करने के बदले रुपये की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने जांच की जिम्मेदारी शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपी। जांच के दौरान बिजली विभाग की ओर से फैक्ट्री में टोका लगाकर मशीन चलाने संबंधी कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया जा सका। वहीं जांच में यह भी सामने आया कि कनीय अभियंता सचिन कुमार ने अपने विभागीय लेखापाल के बैंक खाते में यूपीआई के माध्यम से 20 हजार रुपये मंगवाए थे। यह भी आरोप लगाया कि 50 हजार रुपये नकद भी अवैध रूप से लिए गए थे। अनुमंडल पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने कनीय अभियंता सचिन कुमार, सहायक अभियंता राजीव झा, लेखापाल रंजीत कुमार, मानव बल संजय पासवान तथा सुपरवाइजर विक्रम सिंह के विरुद्ध विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिया है।

## मुखिया अभिषेक समेत छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के समसा पंचायत के मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू समेत छह लोगों को पुलिस ने गुरुवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई थाना कांड संख्या 105/26 एवं 106/26 में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में की है। गिरफ्तार आरोपितों में यशवंत कुमार, रौनक कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू, भोलू शर्मा उर्फ मनीष कुमार, दिनकर कुमार तथा सचिन कुमार शामिल हैं। सभी समसा पंचायत के निवासी बताए गए हैं। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि समसा वार्ड संख्या 11 निवासी कैलू महतो द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू समेत कई लोग लाठी-डंडा एवं देसी कट्टा से लैस होकर उनके घर पहुंचे और उनके पुत्र दीपक कुमार की तलाश करने लगे। दीपक के घर पर नहीं मिलने पर आरोपितों द्वारा गाली-गलौज एवं फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है।प्राथमिकी के अनुसार कुछ देर बाद दीपक के घर पहुंचने पर उसकी कनपटी पर कट्टा सटाकर उसे जबरन अपने साथ ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए दीपक कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। दूसरे मामले में समसा वार्ड संख्या 17 निवासी अंकेश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोप लगाया है कि यशवंत कुमार और रौनक कुमार उसे मुखिया द्वारा बुलाने की बात कहकर अपने साथ ले गए। वहां उसके हाथ-पैर बांधकर मारपीट की गई। प्राथमिकी में कहा गया है कि बाद में मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू के पहुंचने पर अन्य आरोपितों ने लाठी, डंडे और चमड़े के कोड़े से उसकी पिटाई की तथा जान से मारने की धमकी दी। दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया और देर रात छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू की ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई गई, जिसमें उनके शरीर में 280.3 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर अल्कोहल की मात्रा पाई गई। इसके आधार पर उन्हें नशे की हालत में पाया गया है और इस संबंध में भी अलग से विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार दोनों कांडों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में किशोर समेत दो जख्मी

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार किशोर समेत दो जख्मी हो गए। जख्मियों में एक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जबकि दूसरे बाइक सवार युवक का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा निवासी स्व. रामवृक्ष शर्मा का 17 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार एवं दूसरा बाइक सवार एक अन्य युवक शामिल है। जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार अपने गांव से सकड्डी बाजार की ओर जा रहा था। जबकि दूसरा बाइक सवार सकड्डी बाजार से सोनघट्टा की तरफ आ रहा था। उसी दौरान सोनघट्टा गांव के समीप दोनों की बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों जख्मी हो गए।

## डीएम के जनता दरबार मे भूमि विवाद एवम दाखिल खारिज का पहुंचा मामला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार सरकार के सात निश्चय 3 कार्यक्रम के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान के अंतर्गत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर प्रशासन से समाधान की अपेक्षा व्यक्त की। आज आयोजित जनता दरबार में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, अतिक्रमण एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों से जुड़े थे। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, लोक सेवाओं, प्रमाण-पत्र निर्गत करने, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ एवं अन्य जनहित से संबंधित मामलों पर भी सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम नागरिकों और प्रशासन के बीच प्रत्यक्ष संवाद का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का न केवल त्वरित संज्ञान लिया जाता है। बल्कि उनके समाधान की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पक्ष जांचोपरांत निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को प्रगति से अवगत कराया जाए।जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता है।

## पटना के युवक की हत्या मामले में आठ पर प्राथमिकी, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** पटना निवासी युवक हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है मृतक के चाचा विनय कुमार के बयान पर पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी आठ लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी में पूर्व में बच्चों के बीच हुए झगड़े एवं आपसी रंजिश को लेकर अपने भतीजे की हत्या करने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों गिरफ्तार कर लिया। इनमें पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद के पुत्र सनी कुमार एवं इस गांव के निवासी दिनेश प्रसाद का पुत्र रोहित कुमार उर्फ शामिल है। दोनों की गिरफ्तारी बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बलियारी गांव स्थित उनके घर से की गयी। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। बता दें कि बीते बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी सुनील कुमार का पुत्र आकाश कुमार, उसी गांव के निवासी अपने ने दोस्त गोलू और सन्नी के साथ बाइक द्वारा घर से निकला था और घर वापस नहीं लौटा था। इसी बीच गुरुवार की सुबह कोईलवर थाना क्षेत्र के बबुरबानी गांव स्थित दुकान के पीछे खड़ी वाहन से उसका शव बरामद किया गया था।

### 11 हजार लीटर विदेशी शराब बरामद

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 जून को सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की हरियाणा से ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर एवं राज्य नियंत्रण ब्यूरो पटना, के संयुक्त छापामारी में मोहनिया-आरा फोरलेन पर धनगाई थाना क्षेत्र के महुरही ओवरब्रिज के पास से एक महिंद्रा ब्लाजो ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। ट्रक पर पंजाब का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। टीम ने हरियाणा के करनाल जिले के करनाल गांधीनगर निवासी वाहन के चालक अमनदीप सिंह एवं हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र के शरीफगढ़ निवासी जरनैल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनो को अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द करने हेतु कार्रवाई की जा रही है। उक्त वाहन से कुल 62040 पीस में 11205.600 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 1 करोड़ 35 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब मुजफ्फरपुर (बिहार) की ओर ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार सिंह एवं सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## अपने कार्यकाल को रिकार्ड समय में पूरा कर आगे बढ़ रहे हैं पीएम मोदी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** स्थानीय रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व एसीएमओ सह जिलाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) भाजपा डॉ. के.एन. सिन्हा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज तथा विशिष्ट अतिथि ई. धीरेंद्र सिंह (जिला उपाध्यक्ष भाजपा) थे। मौके पर डॉ. के.एन. सिन्हा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने लगातार प्रधानमंत्री के पद पर 12 वर्षों की सेवा पूरी की और प्रधानमंत्री के रूप में उनका यह कार्यकाल 4400 दिन से भी ज्यादा रहा। इस तरह पीएम नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नेहरू के कार्यकाल के रिकॉर्ड से भी आगे तक कार्य कर रहे हैं। यह अत्यंत खुशी का क्षण है। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि विषम परिस्थिति में तमाम सक्रिय विपक्षों के रहते श्री मोदी ने अपने स्वर्णिम कार्यकाल को रिकार्ड समय में पूरा कर आगे बढ़ रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ा है। अवसर पर कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखें एवं सभी ने केक काटकर जश्न मनाया। सभी ने शपथ लिया कि हम तन, मन, धन से देशवासियों की सेवा कर भारत को विश्व गुरु बनाने में सहयोग करते रहेंगे। इस अवसर पर अमरदीप कुमार जय, अजीत कुमार मिश्रा, विनय मिश्रा, शशि कुमार, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, शिव नारायण यादव, हरेंद्र प्रसाद, विनोद कुमार, जयप्रकाश यादव, शशिकांत कुमार, डॉ सागर आनंद, उमेश प्रसाद, जय किशोर, अरुण कुमार आदि थे।

## पीरो में सम्राट अशोक भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीरो।** पीरो नगर क्षेत्र में सभा-समारोह या ऐसे ही अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रस्तावित सम्राट अशोक भवन के निर्माण को लेकर नगर व आवास विभाग से प्राक्कलन पर तकनीकी स्वीकृति तथा परिमाण विपत्र का अनुमोदन प्राप्त हो जाने के बाद इसके निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके पूर्व अंचलाधिकारी पीरो द्वारा प्रस्तावित सम्राट अशोक भवन के लिए नगर के लोहिया चौक के समीप अनावाद बिहार सरकार की के खाता 1409, खेसरा 1424 में 11 एकड जमीन उपलब्ध कराते हुए अनापति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। बता दें कि यहां सम्राट अशोक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास दिसम्बर 2023 में ही तत्कालीन जिलाधिकारी राज कुमार व उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर द्वारा किया गया था लेकिन तकनीकी पेंच के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरु नहीं हो पाया था। इसको लेकर नगर परिषद सभापति लगाकर प्रयासरत थी। उनके द्वारा जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठकों सहित कई अन्य मौके पर वरीय अधिकारियों के समक्ष प्रस्तावित सम्राट अशोक भवन निर्माण का मामला प्रमुखता से उठाया जाता रहा। पिछले दिनों उन्होंने नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्र से मिलकर यह मामला उठाया तब जाकर विभाग से सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वीकृति व परिमाण विपत्र पर अनुमोदन प्रदान कर गया । सभापति किरण उपाध्याय के अनुसार यहां सम्राट अशोक भवन के लिए 1,66,43540 एक करोड छियासठ लाख तैतालिस हजार पांच सौ चालीस रुपये रूपये के प्राक्कलन को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## रजिस्ट्रेशन और यू-डाइस कोड की समस्या पर निजी स्कूल संचालकों ने जताई नाराजगी

**शेरघाटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल क्षेत्र के निजी विद्यालय संचालकों की बैठक शुक्रवार को गोला बाजार स्थित जेपी चौक के जेपी मेमोरियल स्कूल में भारतीय स्वतंत्र शिक्षक संघ (बीएसएस) अनुमंडल इकाई के तत्वावधान में आयोजित की गई। बैठक में निजी विद्यालयों के रजिस्ट्रेशन और यू-डाइस कोड प्राप्त करने में हो रही परेशानियों को लेकर संचालकों ने अपनी समस्याएं रखीं। विद्यालय संचालकों ने कहा कि कई स्कूलों ने विभागीय नियमों के अनुसार आवेदन किया है, लेकिन लंबे समय बाद भी रजिस्ट्रेशन और यू-डाइस कोड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। वहीं कुछ आवेदनों को बिना स्पष्ट कारण बताए अस्वीकार किए जाने से संचालकों में नाराजगी है। बैठक में संभावित विद्यालय जांच को लेकर भी चर्चा की गई। संगठन ने सभी विद्यालय संचालकों से सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक दस्तावेज और व्यवस्थाएं पूरी रखने की अपील की।

## मारपीट और गोलीबारी मामले में आठ आरोपित गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामापुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद के दौरान मारपीट और गोलीबारी के मामले में पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी अलग-अलग थाना क्षेत्र से हुई। गिरफ्तार आरोपितों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी हीरा सिंह का पुत्र विकास कुमार उर्फ ओम, उसी थाना क्षेत्र के पैगा गांव निवासी स्व. संत सिंह का पुत्र सुमित कुमार सिंह, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के जयनगर गांव निवासी सत्य नारायण चौधरी का पुत्र सूरज कुमार उर्फ आर.एस., उसी थाना क्षेत्र के बजरुआ गांव निवासी लखनदेव सिंह का पुत्र रंजन कुमार उर्फ रॉकी कुमार, सुखदेव सिंह का पुत्र दीपक कुमार, खालिसा गांव निवासी रविंद्र सिंह का पुत्र कृष्णमुरारी कुमार, गजराजगंज ओपी क्षेत्र के अख्तियारपुर बड़कागांव निवासी नरेंद्र प्रसाद का पुत्र विद्या शंकर आजाद उर्फ बबुआ एवं नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ पासवान टोली निवासी मुकेश पासवान का पुत्र राजकुमार शामिल है। इनमें एक नामजद एवं सात अप्राथमिक अभियुक्त हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज द्वारा शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर दी गई। बता दें कि बीते 3 मई को रामापुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा और वर्चस्व के विवाद में दो पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए थे। उस दौरान उनके द्वारा जमकर मारपीट और गोलीबारी की गई थी।

## फोटोग्राफरों ने कैमरे की बारीकियों को सीखा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा।** स्थानीय मैनासुंदर भवन में शुक्रवार को बिहार फोटोग्रफर्स एसोसिएशन भोजपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय कैनन का कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें जिले से लगभग सौ की संख्या में फोटोग्राफर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कैमरे की बारीक से बारीक जानकारी को सीखा। कैमरा का प्रशिक्षण प्रशिक्षक सोहेल अख्तर और सनी कुमार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार फटॉग्रफर्स एसोसिएशन के महासचिव गणेश कुमार द्वारा दीप किया गया। इस अवसर पर जोनल अधिकारी रोहित खत्री के साथ बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन पटना के जिलाध्यक्ष विश्वजीत विश्वास और बक्सर के पदाधिकारी अमृत सरोज दुर्गेश और मोहम्मद निसार अहमद भी उपस्थित थे। भोजपुर के अध्यक्ष जयंत ओझा ने बताया कि जिले के फोटोग्राफरों को कैमरे की नई तकनीक से अवगत कराना और प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी फोटोग्राफी और बेहतर हो सके किसी उद्देश्य को लेकर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। संचालन प्रदीप रंजन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव चंदन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा, कोर कमेटी सदस्य जितेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डब्बू, आर्यन, सुमित, राजू, और मनीष की अहम भूमिका रही।




# किसानों को मिला प्राकृतिक व जैविक खेती की व्यावहारिक व तकनीकी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** किसानों को पारंपरिक रासायनिक खेती से प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर प्रेरित करने तथा उन्हें व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्राकृतिक खेती विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, सिरिस में आत्मा कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकगण, जैविक नोडल पदाधिकारी-सह-सहायक निदेशक (रसायन), कृषि सखियाँ तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर देशी गाय के गोबर एवं गौमूत्र से निर्मित जैविक कीटनाशकों के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही खेतों में नीमास्त्र, जीवामृत एवं बीजामृत के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हुए इनके लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि इन तकनीकों के उपयोग से फसलों पर सकारात्मक एवं दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति भी संरक्षित एवं संवर्धित होती है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती अपेक्षाकृत कम लागत वाली एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धति है। कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती से संबंधित विशेष तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें जैविक खाद निर्माण, जैव-कीट नियंत्रण एवं मिट्टी स्वास्थ्य सुधार की विभिन्न विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कई किसानों द्वारा प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के अपने अनुभव साझा किए गए। साथ ही किसानों ने प्रशिक्षकों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की तथा अपने खेतों में प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के प्रति रुचि व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन किसानों को प्राकृतिक खेती के माध्यम से टिकाऊ एवं समृद्ध कृषि व्यवस्था की दिशा में प्रेरित करने के संदेश के साथ किया गया।

## सर्पदंश से चार साल के मासूम की मौत

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज थाना अंतर्गत संथुआ गांव में सर्पदंश से चार साल के मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान त्रिपुरारी कुमार सिंह के इकलौते पुत्र प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार को दोपहर में प्रकाश अपनी दादी के साथ घर के बाहर सीढ़ी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान सीढ़ी में बनी दरार से विषैला सांप निकल आया और उसने मासूम को डंस लिया। सांप के काटते ही प्रकाश ने शोर मचाया जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन तत्काल उसे लेकर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजनों को डॉक्टरों की बात पर विश्वास नहीं हुआ और वे बच्चे को लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचे। वहां भी डॉक्टरों ने जांच के बाद उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के टाल गांव में 30 वर्षीया विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मामले मृतका के मायके वाले ने पति समेत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं शव का अंतिम संस्कार किए जाने की बात सामने आने के बाद पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। मृतका की पहचान टाल गांव निवासी संतोष राम की पत्नी कोमल कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कोमल कुमारी का विवाह वर्ष 2017 में संतोष राम के साथ हुआ था। मृतका के भाई गोह थाना क्षेत्र के पेमा निवासी गुपेश्वर राम के बयान पर हसपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में पति संतोष राम, सास, ससुर, देवर समेत अन्य परिजनों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मायके पक्ष का आरोप है कि संतोष राम का अपनी ममेरी साली के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। उन्होंने दावा किया कि इसी मामले में संतोष राम वर्ष 2024 में जेल भी जा चुका है। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कोमल कुमारी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई है। इसके बाद मामले को दबाने और साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हसपुरा पुलिस ने बताया कि मृतका के भाई के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में लगाए गए आरोप गंभीर हैं और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ संबंधित लोगों से पूछताछ भी कर रही है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद टाल गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# ट्रेलर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात गिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रेलर ने साइकिल सवार एक मजदूर को कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खैरा गांव निवासी 28 वर्षीय शंभूनाथ सिंह उर्फ मोनू के रूप में हुई है। मृतक मोनू औरंगाबाद स्थित एक पेवर ब्लॉक प्लांट में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जाता है कि गुरुवार देर रात वह अपना काम समाप्त कर साइकिल से अपने घर खैरा लौट रहा था। जैसे ही वह खैरा मोड़ के पास पहुंचा तभी अंबा की ओर से गिट्टी लदकर आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोनू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया जबकि चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर देव-अंबा रोड को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बाद में मौके पर पहुंची अंबा थाना पुलिस ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई और सरकारी सहायता का आश्वासन देकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में हुआ बेहतर काम : प्रमोद चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**ओबरा(औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत शुक्रवार को कारा और ओबरा मंडल में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान पार्टी नेताओं ने प्रबुद्ध किसानों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों एवं व्यवसायियों से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कारा मंडल में कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर चौरसिया ने जबकि ओबरा मंडल में संजय मालाकार की अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि आजादी के बाद लगातार 12 वर्षों तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने का गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर उसे देश की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य मोदी सरकार ने किया। साथ ही अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण को करोड़ों लोगों की आस्था का सम्मान बताया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान कर प्रधानमंत्री ने बिहारवासियों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्ज़ा देने और आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर अश्विनी तिवारी, अभय चंद्रवंशी, संजय शर्मा, भूपेंद्र सिंह, राकेश पांडेय, अनिल मालाकार, पप्पू अग्रवाल, नवलेश यादव, बिनोद चंद्रवंशी, सिद्धेश्वर प्रसाद, डॉ. अशोक कुमार, सतेंद्र सिंह चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की सराहना की।

# रेलवे ट्रैक से मिला अधेड़ का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज थाना क्षेत्र में आज रेलवे ट्रैक से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर फ़ेसरा गांव के पास धावा नदी पुल पर पोल संख्या 27 और 29 के बीच रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया में मामला ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत का लग रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। शुक्रवार दोपहर कुछ ग्रामीण रेलवे ट्रैक की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर ट्रैक पर पड़े एक क्षत-विक्षत शव पर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। काफी संख्या में लोगों ने शव को देखा लेकिन कोई भी उसकी पहचान नहीं कर सकी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर रफीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि लगभग 50 साल के एक अज्ञात अधेड़ का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। शव की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। पहचान नहीं होने की स्थिति में सरकारी प्रावधानों के तहत पुलिस की ओर से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बाल श्रम निषेध दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार वृहद आश्रय गृह (बालगृह), बभंडी के सभागार में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के तत्वावधान में जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक प्रियंका द्वारा की गई। इस अवसर पर बालगृह के बच्चों द्वारा प्रभात फ़ेरी निकालकर बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कुटुंबा प्रखंड से चिह्नित एक विमुक्त बाल श्रमिक को तत्काल सहायता के रूप में 3,000 रूपये की राशि प्रदान की गई। साथ ही, बालगृह में पुनर्वासित एक बालक को उत्कृष्ट हस्तशिल्प कला के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त वर्तमान परिदृश्य में बाल श्रम का मुद्दा विषय पर आयोजित जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पायल कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पुष्पेंद्र कुमार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रमिला कुमारी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं पुनर्वास के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा समाज के सभी वर्गों से बाल श्रम के विरुद्ध संवेदनशील एवं जागरूक भूमिका निभाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक महेशशानंद सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## समीक्षा के बाद करें परिवादों का निष्पादन

**औरंगाबाद(नबिटा संवाददाता)।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब नहीं हो।

# ग़लत नियत से पड़ोसी के घर में घुसे अभियुक्त को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के एसडीजेएम अनीस कुमार ने सिमरा थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि सिमरा गांव निवासी प्राथमिक अभियुक्त अशोक यादव को भादंवि धारा 354 भी में तीन साल की सजा और पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है और भादंवि धारा 457 में तीन साल की सजा तथा एक हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियुक्त पर 22 जुलाई 2021 को उल्लेखित धाराओं में आरोप गठित किया गया था। अभियोजन के पक्ष से चार गवाही हुई थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि 09 अक्टूबर 2019 को अभियुक्त के पड़ोसी की पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि रात में बनीयान और गमछे पहने अभियुक्त ने गलत नियत से सूचक के कमरे में प्रवेश कर गया। शोर सुन सूचक का पति आया तो अभियुक्त ने सूचक के पति का सोने के चैन छीन कर भाग गया। इस दौरान उसका मोबाइल छूट गया जिसे सूचक ने पुलिस को सुपर्द कर दिया गया था।

# दहेज़ हत्या सहित अन्य मामलों में 29 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 56 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 29 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार दहेज़ मृत्यु में 1, हत्या प्रयास में 14, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 3 तथा अन्य मामलों में 38 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 193 लीटर देसी एवं 57.815 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1117 वाहनों की जांच की गई जिसमें 3600 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 5 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# आमजनों के सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 के महाराणा प्रताप चौक से रतनुआ तक के विभिन्न क्षेत्रों का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास अतिक्रमण, नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था, कचरा प्रबंधन तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण में पाया गया कि यातायात के बढ़ते दबाव एवं कुछ स्थानों पर अव्यवस्थित परिस्थितियों के कारण भविष्य में आवागमन प्रभावित होने तथा दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। आगामी मॉनसून को ध्यान में रखते हुए जल-जमाव की संभावित स्थिति, सड़कों की क्षति एवं नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से नालों की नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा सड़क किनारे कचरा निष्पादन की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। अपर समाहर्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आमजन की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य जिले को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाना है, जिससे नागरिकों के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं के संचालन में भी किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी, सदर अंचल अधिकारी अनुज सिंह, नगर परिषद औरंगाबाद के प्रतिनिधि तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269